ज्ञानामृत

जीवन में कोई चीज़ इतनी हानिकारक और ख़तरनाक नहीं, जितना डाँवाँडोल स्थिति में रहना।

▶▶ सुभाष चंद्र बोस

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, शुक्रवार, 20 जून 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 166 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-



## ईरान इंजराइल की जंग, इजराइली हमले में 639 ईरानियों की मौत

# इजराइल बोला- खामेनेई मॉडर्न हिटलर, उन्हें जीने का हक नहीं

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को मॉडर्न हिटलर कहा है। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि खामेनेई मॉडर्न हिटलर हैं। उनके जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिए इजराइल को खत्म करना चाहा है। काट्ज का यह बयान आज सुबह इजराइल के चार शहरों- तेल अवीव, बीर्शेबा, रमत गण और होलोन पर ईरान के मिसाइल हमले के बाद आया है। ईरान ने 30 मिसाइलें दागीं, जिनमें 7 मिसाइल तेल अवीव स्थित इजराइली स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, बीर्शेबा में एक अस्पताल सहित कई जगहों पर गिरीं। इन हमलों में 176 लोग घायल हुए हैं। 6 लोगों की हालत गंभीर है। इजराइली डिफेंस सिस्टम ने बाकी मिसाइलों को गिरने से रोक दिया। इजराइली पीएमबेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हम ईरान से इजराइली नागरिकों और अस्पतालों पर हमले की पूरी कीमत वसूलेंगे।

### ईरान ने अस्पताल पर मिसाइलें दागीं, 176 घायल



### अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए

ईरान और इजराइल के बीच जंग सातवें दिन में पहुंच गई है। अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं। इजराइल ने भी ईरान में अराक हैवी वॉटर रिएक्टर पर हमला किया। हमले के बाद हुए नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। हमले से कुछ घंटे पहले ही इजराइली सेना ने अराक और खोंडब शहर के लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी।

### ईरान के दो-तिहाई मिसाइल लांचरों को निशाना बनाया


इजराइल डिफेंस फोर्स ने दावा किया है कि उसने ईरान के दो-तिहाई बैलिस्टिक मिसाइल लांचरों पर हमला किया है। एक इजराइली सैन्य अधिकारी ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि सेना का अनुमान है ईरान के पास अभी भी 100 से ज्यादा मिसाइल लांचर हैं।

### ईरान आज परमाणु वार्ता में भाग लेगा

ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के विदेश मंत्री ने कहा है कि उनका देश फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ शुक्रवार को जेनेवा में परमाणु वार्ता में भाग लेगा। एक जर्मन राजनयिक स्रोत ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के विदेश मंत्री पहले यूरोपीय संघ के सीनियर राजनयिक काजा कालास के साथ जेनेवा में जर्मनी के स्थायी मिशन में मिलेंगे।

### रूस ने अमेरिका को चेताया

## ईरान के खिलाफ कार्रवाई की तो होंगे नुकसानदेह नतीजे



रूस ने गुरुवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, क्योंकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका, इस्राइल के साथ युद्ध में शामिल हो सकता है। समाचार एजेंसी एएफपी ने बताया कि रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा, हम खास तौर पर वॉशिंगटन को चेतावनी देना चाहते हैं कि वह इस स्थिति में कोई सैन्य दखल न दे। उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जिसके पूरी तरह से अनपेक्षित और नुकसानदेह नतीजे हो सकते हैं।

### खामेनेई ईरान में भी महफूज नहीं: नेतन्याहू

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई सहित कोई भी अब महफूज नहीं है। नेतन्याहू ने गुरुवार शाम बीर्शेबा में सोरोका मेडिकल सेंटर का जायजा लेने के बाद मीडिया को यह बयान दिया। ईरान ने आज सुबह सोरोका मेडिकल सेंटर पर हमला किया था। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वे खामेनेई पर हमले की संभावना से इनकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, कोई भी महफूज नहीं है। सारे ऑप्शन खुले हुए हैं। प्रेस में इस बारे में बात न करना ही बेहतर है।

### जिनपिंग ने पुतिन से कहा- ईरान-इजराइल में सीजफायर जरूरी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने ईरान पर हमलों के लिए इजराइल की निंदा की और माना कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की जरूरत है। चीन की जिनपिंग ने पुतिन से कहा, ईरान और इजराइल के बीच सीजफायर करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिलिट्री ऑपरेशन अंतरराष्ट्रीय विवादों को हल करने का सही तरीका नहीं है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### छात्र हुए नाराज, उमर ने तुरंत कहा, आपके लिए डीलक्स बसें भेजी जा रही



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान से वापस आए जम्मू-कश्मीर के छात्रों द्वारा दिल्ली हवाई अड्डे पर नाराजगी जताने के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि छात्रों को वापस लाने डीलक्स बसें भेजी जा रही हैं। बता दें कि छात्र हवाई अड्डे पर जम्मू रोडवेज की बसों को देखकर नाराज हो गए थे, जब उन्हें बताया गया कि उन्हें इन बसों से श्रीनगर भेजा जाएगा। इस पर छात्रों ने गुस्सा जताकर कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है कि हमें फ्लाइट की जगह अब बसों से भेजा जा रहा है। हम पिछले चार दिन से यात्रा कर रहे हैं और अब हमें फिर से लंबी कठिन यात्रा के लिए बस में बिठाया जा रहा है, यह अस्वीकार्य है।" छात्रों की नाराजगी देखकर मुख्यमंत्री उमर ने कहा कि ईरान से लौटे छात्रों को डीलक्स बसों में दिल्ली से केंद्र शासित प्रदेश लाया जाएगा।

### मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 82 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला



**मुंबई, एजेंसी।** बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को लगातार तीसरे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार इस्राइल-ईरान युद्ध और अमेरिकी फेडरल द्वार ब्याज दरें अपरिवर्तित रखने के निर्णय से प्रभावित हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 82.79 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरकर 81,361.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 392.9 अंक का उतार-चढ़ाव देखा और 81,583.94 अंक के उच्चतम और 81,191.04 अंक के न्यूनतम स्तर को छुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 18.80 अंक या 0.08 प्रतिशत गिरकर 24,793.25 अंक पर आ गया।

### देश में कोरोना संक्रमित 17164 मरीज स्वस्थ हुए, सक्रिय मामले छह हजार से नीचे, 17164 मरीज स्वस्थ हुए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोराना संक्रमित 1219 मरीज के स्वस्थ होने के साथ ही गुरुवार को इस वायरस से निजात पाने वालों की संख्या 17164 तक पहुंच गयी और कुल सक्रिय मामलों की संख्या 5976 रह गयी है। इस अवधि में तीन और मरीजों की मौत से मृतकों की संख्या बढ़कर 116 पहुंच गयी। गौरतलब है कि गत 22 मई को देश में कोराना के मामले सिर्फ़ 257 सक्रिय थे। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमित तीन और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 116 पहुंच गया। इस अवधि में दिल्ली में दो और मरीज की मौत होने से राजधानी में मृतकों की संख्या 15 हो गई।

### कैश केस-स्टोर रूम पर जज परिवार का ही कंट्रोल था, जांच पैनल का प्रस्ताव जस्टिस वर्मा को हटाए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से मिले कैश केस की जांच कर रहे पैनल की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई है। 64 पेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। यहीं 14 मार्च की रात आग लगने के बाद बड़ी संख्या में अधजले नोट मिले थे। पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे जस्टिस वर्मा के बुरे व्यवहार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए। घटना के समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट के जज थे और अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत हैं। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया को दी जानकारी

## 22 को छत्तीसगढ़ आएंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, आला अफसरों के साथ करेंगे एंटी नक्सल ऑपरेशन की समीक्षा

**विजय मत, रायपुर**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ आने वाले हैं। 22 जून से शुरू होने वाले अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने दौरे पर एक सुरक्षा शिविर का दौरा भी करेंगे। एंटी नक्सल ऑपरेशन को लेकर अमित शाह आला अफसरों के साथ एक अहम बैठक भी करने वाले हैं। इस बात की जानकारी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दी है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया को बताया कि वह अपने दौरे के पहले दिन (रविवार) नवा रायपुर अटल नगर में एक राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) और एक राज्य फोरेंसिक प्रयोगशाला की आधारशिला भी रखेंगे। राज्य सरकार ने एनएफएसयू के लिए 40 एकड़ जमीन आवंटित की है, जिसे केंद्र द्वारा लगभग 400 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। गृह विभाग की जिम्मेदारी भी संभाल रहे विजय शर्मा ने कहा कि राज्य फोरेंसिक प्रयोगशाला एनएफएसयू परिसर के बगल में छह से सात एकड़ जमीन पर बनाई जाएगी।



### बस्तर में कैंप का भी दौरा करेंगे गृहमंत्री

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अपने दौरे के दूसरे दिन अमित शाह बस्तर में एक सुरक्षा शिविर का भी दौरा करेंगे। डिप्टी सीएम शर्मा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान शाह रायपुर में चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही अमित शाह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे के परिवार के सदस्यों से मिलेंगे। 9 जून को एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे माओवादियों के लगाए बम की चपेट में आने से शहीद हो गए थे।

## झारखंड शराब घोटाले में रायपुर का कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया अरेस्ट

### एसीबी ने पूछताछ के लिए भेजा था समन, छत्तीसगढ़ में रची गई थी 450 करोड़ के स्कैम की साजिश

**विजय मत, रायपुर**

झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी की टीम ने छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार किया है। सिद्धार्थ सिंघानिया सुमित फैसिलिटीज मैनपावर सप्लाई कंपनी के मालिक हैं। इससे पहले झारखंड एसीबी ने सिंघानिया को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन वे वहां नहीं पहुंचे। इसके बाद जांच एजेंसी ने कोर्ट से उनके खिलाफ वारंट लिया। पिछले दिनों झारखंड एसीबी कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इससे पहले, झारखंड के पूर्व ब्रूरू अमित प्रकाश और ब्रूरू विनय चौबे को गिरफ्तार किया गया था। झारखंड में 450 करोड़ का शराब घोटाला हुआ है, जिसकी साजिश रायपुर में रची गई थी। झारखंड में छत्तीसगढ़ की चार प्लेसमेंट एजेंसियों को मैनपावर सप्लाई का काम मिला था। इनमें



सुमित फैसिलिटीज, ईगल हंटर सॉल्यूशंस, एटूजेड इंफ्रा सर्विसेज और प्राइम वन शामिल है। इन सभी को विनय चौबे के कार्यकाल में काम मिला था। आरोप है कि, सिद्धार्थ सिंघानिया का उत्पाद विभाग के तत्कालीन प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे से बेहतर रिश्ता था, जिसकी बदौलत उन्हें झारखंड में काम मिला। हालांकि एक साल के भीतर ही अनियमितता के आरोप में छत्तीसगढ़ की प्लेसमेंट एजेंसियों को काम से हटा दिया गया था। यह भी आरोप है कि साजिश के तहत झारखंड में छत्तीसगढ़ मॉडल के आधार पर शराब की खुदरा बिक्री कराई गई। इसमें सिंघानिया की अहम भूमिका थी।

### कनाडा ने माना, खालिस्तानी चरमपंथी भारत के खिलाफ उसकी जमीन का कर रहे इस्तेमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कनाडा ने पहली बार माना कि खालिस्तानी उसकी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ हिंसा फैलाने, वित्तीय मदद जुटाने और साजिश रचने के लिए कर रहे हैं। साथ ही पहली बार कनाडा ने खालिस्तानियों के लिए चरमपंथी शब्द का इस्तेमाल किया। कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा की 2024 की रिपोर्ट बुधवार को जारी की गई। खुफिया एजेंसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्सी के दशक के मध्य से कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक चरमपंथ का खतरा खालिस्तानी चरमपंथियों के माध्यम से प्रकट हुआ है, जो भारत के पंजाब प्रांत के भीतर खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राष्ट्र के गठन के वास्ते हिंसक साधनों का उपयोग करना चाहते हैं।



## बीजेपी पार्षद के बेटे ने बच्ची से किया रेप, गिरफ्तार

### 7 साल की मासूम को सुनसान मकान में ले गया, मां-बाप को रोते हुए बताई आपबीती

**विजय मत, ब्यूरो रायगढ़**

जिले में बीजेपी की महिला पार्षद के बेटे ने 7 साल की बच्ची से रेप किया है। पड़ोस में रहने वाली बच्ची को आरोपी बहला-फुसलाकर सुनसान मकान पर ले गया, वहां उससे रेप की वारदात को अंजाम दिया। मामला खरसिया चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया नगर पालिका की महिला पार्षद के आरोपी बेटे का नाम तेंदुलकर सहिस (24) है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। बच्ची की हालत फिलहाल ठीक है। दरअसल, वारदात 18 अप्रैल 2025 शाम की है। 7 साल की मासूम शाम को रोते हुए अपने घर पहुंची। बच्ची डरी-सहमी हुई थी। इससे परिजन चिंतित हुए। उन्होंने बच्ची को शांत कराया, फिर उससे रोने की वजह के बारे में जानकारी ली।

बच्ची ने रोते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाला तेंदुलकर सहिस अपने साथ घर से दूर ले गया था। वह तेंदुलकर को पहले से जानती थी, जिससे उसके साथ चली गई। वहां लेकर जाकर तेंदुलकर ने गंदा काम किया है। बच्ची की आपबीती सुनकर परिजन सहम उठे। परिजनों के मुताबिक वह आरोपी के खिलाफ 18 अप्रैल 2025 की शाम ही थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंच जाते, लेकिन समाज में बदनामी की वजह से हम लोग चुप रहे, लेकिन तेंदुलकर की घिनौनी करतूत आंखों के सामने आ जाती थी, जिसके बाद 17 जून मंगलवार को खरसिया पुलिस चौकी में एफआईआर दर्ज कराई।

### मामले की जांच जारी: एसडीओपी पटेल

मामले में खरसिया एसडीओपी प्रभात पटेल ने बताया कि वारदात अप्रैल महीने की है। मामले की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और 6-CHL, 65 (2)- BNS की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। महिला पुलिसकर्मियों ने पीड़िता का बयान लिया। उन्होंने बताया कि बयान के बाद बुधवार को पुलिस ने आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी की। तेंदुलकर सहिस को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया है। फिलहाल, मामले में आगे की जांच की जा रही है।

### विमान और उसके इंजन में उड़ान से पहले कोई समस्या नहीं थी: एयर इंडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि विमान का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया था, इसकी आखिरी बड़ी जांच जून 2023 में और अगली जांच दिसंबर 2025 में निर्धारित की गई थी। इसके दाहिने इंजन की मार्च 2025 में मरम्मत की गई थी और बाएं इंजन का अप्रैल 2025 में निरीक्षण किया गया था। विमान और इंजन दोनों की नियमित रूप से निगरानी की गई थी, जिससे उड़ान से पहले कोई समस्या नहीं दिखी। हम पूरे विमानन उद्योग के साथ आधिकारिक जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।




## केंद्र ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र की मोदी सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। 8वां वेतन आयोग लागू होने के साथ ही देश के 1 करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की सैलरी और पेंशन में बड़ा बदलाव होगा। संशोधित वेतन संरचना 1 जनवरी, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। हालांकि, आयोग के गठन में देरी ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। आयोग का एक प्रमुख फोकस फिटमेंट फैक्टर होगा। जबकि 7वें वेतन आयोग ने कारक को 2.57 पर सेट किया था, इस 8वें वेतन आयोग के तहत बढ़ाकर 2.86 किए जाने की संभावना है। अगर फिटमेंट फैक्टर में 2.57 से बढ़कर 2.86 होगा तब समायोजन संभावित रूप से न्यूनतम मूल वेतन 18,000 रुपये से करीब 51,480 रुपये तक बढ़ा सकता है। हालांकि, अंतिम निर्णय आयोग के नवनियुक्त सदस्यों पर निर्भर रहेगा। आधार वेतन समायोजन के अलावा, हाउस रेंट अलाउंस और ट्रैवल अलाउंस जैसे भत्तों में भी कर्मचारी पोस्टिंग और यात्रा आवश्यकताओं के आधार पर अपडेट देखने को मिल सकते हैं।

**विजय मत एंकर** लोग एयर कंडीशनर का खूब इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो रही

## गर्मी से बचाता है एसी, लेकिन सेहत के लिए है बेहद खतरनाक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इन दिनों भारत भीषण गर्मी का सामना कर रहा है। हीटवेव से राहत पाने के लिए लोग एसी खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। ये आपको भले ही गर्मी से राहत दिलाने का काम करता है, लेकिन इससे सेहत को कई नुकसान हो रहे हैं। लोग घर को ठंडा रखने के लिए एसी का टेंपरेचर 18 से 20 डिग्री सेल्सियस तक कर देते हैं। हालांकि ये आपके लिए खतरनाक हो सकता है। बहुत लंबे समय तक एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने से आपको कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। उनमें सांस की समस्या, हार्ट प्रॉब्लम या स्किन प्रॉब्लम से जुड़ी दिक्कतें शामिल हैं। एसी की वजह से अब लोगों ने बाहर निकलना तक कम कर दिया है। आज का हमारा लेख भी इसी विषय पर है। हम आपको एसी से सेहत को होने वाले नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही ये भी बताएंगे कि एसी ने लोगों को इनडोर जनरेशन कैसे बना दिया।



### सेहत को कैसे नुकसान पहुंचाता है एसी

हीटवेव से बचने के लिए एसी आरामदायक भले हो सकता है, लेकिन इससे सेहत को कई नुकसान भी होते हैं, जो इस प्रकार हैं - लंबे समय तक एसी में रहने से आपके शरीर की नमी खत्म हो जाती है। इससे ड्राई स्किन की समस्या हो जाती है। एसी हमारी आंखों में भी जलन या खुजली जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। अगर आप पहले से Dry Eye Syndrome जैसी समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको एसी में लंबे समय तक रहने से बचना चाहिए। इसके अलावा आपको सिर दर्द की समस्या भी हो सकती है। एसी में रहने वाले लोगों में नाक बंद होने, गला सूखने या खांसी और जुकाम की समस्या देखने को मिलती है। गर्मी में सभी लोग एसी में बैठना पसंद करते हैं। ये सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।

### मध्यप्रदेश में लाड़ली बहनों को दिवाली से मिलेंगे ₹ 1500 महीना

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**

मध्यप्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों को दिवाली से 1500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में गुरुवार को यह घोषणा की। वे विश्व सिकल सेल दिवस पर बड़वानी के ग्राम तलून में आयोजित कार्यक्रम को इंदौर कलेक्टोरेट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि हम लाड़ली बहनों तीन हजार रुपए प्रति माह देने के अपने संकल्प पर कायम हैं।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

# आदिवासियों के सतत विकास हेतु धरती आबा अभियान : विधायक नेताम

**विजय मत, कांकेर**

भारत सरकार के द्वारा जनजातियों के विकास एवं उत्थान हेतु धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत राज्य स्तरीय जन जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन आज पीएम नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के प्रांगण में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर विधायक आशाराम नेताम उपस्थित थे। इस दौरान अभियान के तहत विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत सामग्री वितरित की गई।

उक्त शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से आदिवासियों को विकास से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने चिन्हांकित गांवों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विधायक नेताम ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आदिवासियों के आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा नियोजन की चिंता सरकार कर रही है, लेकिन इसके लिए उन्हें जागरूक होकर आगे आना होगा।

इस अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि धरती आबा अभियान के तहत पूरे राज्य में सबसे ज्यादा कांकेर जिले के गांवों को शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत 13 मंत्रालयों में संचालित योजनाओं का अभिसरण किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों को इस महत्वाकांक्षी अभियान का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी और नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक ने भी अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इसका लाभ लेने का अनुरोध किया। आदिवासी विकास विभाग के अपर संचालक संजय गौड़ ने धरती आबा अभियान के तहत संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिविर में विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत ग्रामीणों को सामग्री एवं एफआरए पट्टे वितरित किए गए। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम दबेना, भैंसमुंडी, गंवरसिल्ली और कुरालठेमली की ग्रामसभा को आयागुड़ी एवं देवगुड़ी निर्माण के लिए सामुदायिक वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा मछली पालन विभाग द्वारा पांच मत्स्य कृषक मुन्नालाल, पूरन सिंह, ज्ञान नेताम और नरेन्द्र कुमार को जाल हेतु 10-10 लाख रूपए के चेक वितरित किए गए। साथ ही रमलू नेताम को आइस बॉक्स के लिए 06 हजार रूपए का चेक अतिथियों द्वारा प्रदाय किया गया। इसी तरह कृषि विभाग की ओर से ग्राम सिदेसर, टूराखार और भीरावाही के सात किसानों को 90 प्रतिशत के अनुदान पर रागी उत्पादन के लिए मिनी किट बांटे गए।



### राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का किया आगाज

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिवर्ष 19 जून को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में धरती आबा अभियान के तहत आयोजित राज्य स्तरीय शिविर में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से चिन्हांकित सिकल सेल रोगियों को निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर गंगन जिरेन्द्र आयु 14 वर्ष पिता अशोक कुमार पता-वार्ड नं. 03 गोडरापारा बैजनपुरी भानुप्रतापपुर, भावेश चालकी आयु 18 वर्ष पिता स्व. नारायण चालकी पता-ग्राम सेलेगांव तह. भानुप्रतापपुर एवं हिरामया जैन आयु 06 वर्ष पिता रूपेन्द्र कुमार जैन पता-सेलेगांव तह. भानुप्रतापपुर को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कलेक्टर की उपस्थिति में विकलांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की

# संस्कारधानी को कलंकित कर रहा है रेतमाफिया: कुलबीर

**विजय मत, राजनांदगांव**

शहर के मोहड़ वार्ड 49 में विगत दिनों रेत के अवैध उत्खनन मामले पर रेत माफियाओं द्वारा निर्दोष ग्रामीणों पर गई मारपीट एवं गोलीकांड के सभी आरोपी आज दिनांक तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्यवाही करने एवं आठ दिन तक कार्यवाही नहीं होने पर संबंधित थाने का घेराव करने की चेतावनी दी है। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि संस्कारधानी शहर के ग्रामीण वार्ड मोहड़ में विगत दिनों रेत माफियाओं द्वारा बंदूक की नोक में गुडागर्दी करते हुए एक युवक पर फायरिंग कर दी। जिसके कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस घटना को संज्ञान में लेते हुए छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज 17 जून को मोहड़ पहुंचकर मारपीट व गोलीकांड के पीड़ितजनों से मिले व चर्चा कर हालात की जानकारी ली एवं शासन-प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि आठ दिन में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी करों नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की बात कही थीं, आज दिनांक 19 जून गुरूवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द रेत माफिया से जुड़े सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।



शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि संस्कारधानी नगरी जो वीआईपी जिला कहा जाता है वहां इस तरह की गोलीकांड जैसे घटना होना बड़े ही शर्म की बात है।

हमने ज्ञापन के माध्यम से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग करते हुए संस्कारधानी नगरी को कलंकित करने वाले बाहर से आए हुए लोग जो गोली चला रहे हैं उन सभी अपराधियों की गिरफ्तारी हो और कड़ी से कड़ी सजा मिले। जो कि प्रदेश की भाजपा सरकार के संरक्षण में मप्र के अभाविप के संजय सिंह व अन्य राजनांदगांव में रहकर इस तरह की हरकत की है जिसका कांग्रेस संगठन घोर निंदा करती है और सभी आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग करती है। वहीं 08 दिन में इन रेत माफियाओं पर कार्यवाही नहीं होती है तो संबंधित थाने का घेराव किया जाएगा जिसमें संभवतः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भी उपस्थित रहेंगे और किसी भी प्रकार की घटना की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश डाकलिया, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, नरेश शर्मा, संतोष पिल्ले, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, शरद खंडेलवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, शकील रिजवी, नवाज कुरैशी, कृतलाल, अतुल शर्मा, सुरेन्द्र देवांगन, आफताब, संदीप सोनी, भोला यादव, अब्बास खान, आफताब, सागर ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## नव संकल्प के 36 छात्र एसएससी जीडी परीक्षा में हुए उत्तीर्ण

**विजय मत, जशपुर**

कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला खनिज न्यास अंतर्गत संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान के 36 छात्रों ने स्टाफ सिलेक्शन कमीशन द्वारा आयोजित एसएससी जीडी की लिखित परीक्षा पास कर जिले का मान बढ़ाया है।

36 छात्रों में 5 छात्राएं भी शामिल हैं। सभी सफल छात्र-छात्राएं नवसंकल्प के एसएससी जीडी बैच के छात्र हैं जिन्होंने हॉस्टल की आवासीय सुविधा में रह कर सिर्फ 4 महीने के कोचिंग और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है। सभी छात्र



परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद फिजिकल 5 किमी दौड़ और 1600 मी दौड़ के साथ मेडिकल के लिए क्वालीफाई हो गये हैं, फिजिकल और मेडिकल के पश्चात यह सभी छात्र भारत के विभिन्न अर्धसैनिक बल जैसे बीएसएफ, सीआरपीएफ, असम राइफल्स, एसएसएफ, एनसीबी, सीआईएसएफ आदि में सैनिक के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

प्राचार्य नवसंकल्प डॉ. ए.के. श्रीवास्तव ने बताया की सभी छात्रों को 4 महीने की कोचिंग के दौरान रहने, खाने सहित प्रतिदिन 5 क्लास, साप्ताहिक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टेस्ट, क्विज, करेंट अफेयर्स मैगजीन, ग्रुप डिस्कशन आदि के माध्यम से परीक्षा हेतु तैयार किया गया। कोचिंग के दौरान तैयारी को परीक्षा के प्रकृति के हिसाब से डिजाईन किया गया था, इन्ही प्रयासों का नतीजा है की लगातार दुसरे वर्ष भी नवसंकल्प के छात्रों ने एसएससी जैसी केन्द्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता के झंडे गाड़े हैं।

### गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री देने महिला कमांडो कर रही मदद

**बालोद**। महिला कमाण्डो प्रत्येक जनकल्याण कारी कार्यो में सहयोग प्रदान करते हुए आ रही है। इसी क्रम में बालोद जिला की कमाण्डो बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु गाँव स्तर पर दान दताओ से कापी पेन कंपास बाक्स स्कूल बैग माँग रही है, ताकि उसे पुरस्कार स्वरुप बच्चों को प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके। यह सामग्री दानदाता और शिक्षक की उपस्थिति में स्कूल में प्रदान किया जायेगा। ग्राम जोगीभाठ की माहिला कमाण्डो ने शाला प्रवेश उत्तसव मानाया जिसमें बच्चों को गुलाल, टीका मिठाई तथा कापी पेन पहाडा. प्रदान कर उनका स्वागत किया। पार्वती ठाकुर प्रधान पाठिका शाला प्राथमिक शाला कहती है माहिला कमाण्डो का कार्य ही सराहनीय है। शाला के शुरूआती समय में यह सामग्री बहुत ही उपयोगी साबित होगी पुष्पा देशमुख माहिला कमाण्डो कहती है।

## सार समाचार

### ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह नेलोगों को बीज रोपने कर रहे प्रेरित



**बालोद**। जिला के दल्ली राजहरा के ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने अभी आम, जामुन, कुसुम, नीम, बेहरा,के बीज हमारे घर में,क्षेत्र में, बहुत मिलेंगे इसे एकत्रित कर बारिश से पूर्व जंगलो में खाली जगह में, दो इंच कुदाली से खोदकर बीज रोपित किया जाए। जिले में युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ते तापक्रम जिसके कारण खाद्य संकट, गंभीर बीमारी, जल का स्तर दिन प्रतिदिन गिर रहा है अधिक से अधिक पौधा रोपित कर संरक्षण करना होगा आस पास के लोगों को भी प्रेरित करना करना होगा ।

### नपाध्यक्ष प्रतिभा चौधरी बाल मंदिर बालोद के शाला प्रवेश उत्सव मे सम्मिलित हुई



**बालोद**। जिला मुख्यालय में बुधवार को नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा संचालित बाल मंदिर शाला बालोद में शाला प्रवेश उत्सव 2025 के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बालोद नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी सम्मिलित हुई। उनके द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। तत्पश्चात उन्होंने बच्चों को तिलक लगाकर,पुस्तक एवं गणवेश का वितरण कर तथा उनका मुंह मीठा कराकर नव प्रवेशी बच्चों को शुभआशीष प्रदान किया। बच्चों से अपने उदबोधन में उन्होंने बच्चों को नियमित शाला आने, अनुशासन का पालन, करने मन लगाकर पढ़ाई करने एवं अपनी समस्याओं को दूर करने हेतु शिक्षकों से बिना डरे प्रश्न करने हेतु प्रेरित किया व जीवन में आगे बढ़ने हेतु शुभकामनाएं दी।

### ग्राम बिरकोनी के 5 और ग्राम बड़गांव के एक रेत भण्डारण अनुज्ञा निरस्त

**महासमुंद**। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम बिरकोनी के 5 और ग्राम बड़गांव के एक रेत भण्डारण अनुज्ञा को निरस्त किया गया है। खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ खनिज नियम का उल्लंघन पाये जाने पर ग्राम बिरकोनी में सौरभ चन्द्राकर के नाम पर रेत भण्डारण हेतु स्वीकृत क्षमता 10000 टन के अनुज्ञा को निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह ग्राम बरबसपुर में भुनेश्वरी निषाद को क्षमता 10000 टन, अमित चन्द्राकर को क्षमता 4000 टन एवं ग्राम बड़गांव में विनोद अग्रवाल के पक्ष में क्षमता 10000 टन हेतु स्वीकृत खनिज साधारण रेत के कुल 06 अस्थाई भण्डारण अनुज्ञा को निरस्त किया गया है।

# पशु तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई , 7 आरोपी गिरफ्तार, 27 नग मवेशी जप्त

**विजय मत, कवर्धा**

थाना सहसपुर लोहारा की टीम द्वारा पशु तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 05 महिला एवं 02 पुरुष कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 27 नग भैसा (पड़वा) अनुमानित कीमत ?1,92,000 की बरामदगी की गई है, जिन्हें गवाहों के समक्ष जप्त कर गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाया गया।

प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बबई क्षेत्र में पहुंचे पुलिस दल को सूचक गोपीराम साहू द्वारा बताया गया कि ग्राम मोहगांव से 05 महिलाएं एवं 02 पुरुष 27 मवेशियों को क्रूरता पूर्वक डंडे से हांकते हुए, बिना चारा-पानी के लॉजी (म.प्र.) की ओर ले जा रहे हैं, जहाँ उन्हें वध हेतु ले जाने की आशंका थी। इस पर प्रार्थी द्वारा थाना सहसपुर लोहारा में प्रस्तुत लिखित आवेदन के आधार पर पशु तस्करी व पशुओं के साथ क्रूरता के संबंध में थाना सहसपुर लोहारा में अपराध क्रमांक 134/25, धारा 4, 6, 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं धारा 11(1)(क) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।



कबीरधाम पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि कहीं पशु तस्करी अथवा पशुओं के प्रति क्रूरता की जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल निकटतम थाना या डायल 112 पर सूचना दें। ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# 5 परिवारों ने हिंदू धर्म मे की वापसी, धर्मांतरित परिवारों ने कहा हिंदू धर्म मे ही रहेंगे

**विजय मत, बालोद**

लंबे समय से बालोद जिला में हिंदू धर्म से जुड़े परिवारों को बहला कर सेवा,स्वास्थ्य व आर्थिक प्रलोभन देकर धर्मांतरण का जो खेल खेला गया था हिंदू समाज को बांटने का जो काम किया जा रहा था इस मामले का खुलाशा आज बालोद जिला शहर केंद्र से लगे ग्राम हीरापुर से सामने आया जहां पर हिंदू धर्म छोड़कर धर्मांतरित ईसाई बनने वाले एक परिवार के यहां एक व्यक्ति की मौत हो गया और जब उसके अंतिम संस्कार की बात आई तो ग्रामीणजन व विहिप हिंदू संगठन ने जोरदार विरोध किया व गांव में मृतक के अंतिम संस्कार के लिए हिंदू मुक्तिधाम में जगह देने से मना किया गया। ग्राम में विरोध के बीच ग्रामीणों की बैठक हुई व धर्मांतरित ईसाई परिवार के लोगो ने बैठक में जाकर अपनी गलती मानी व हिंदू धर्म समाज मे रहने की बात कही वही लिखित पत्र में कहा कि हम सनातन हिंदू धर्म की परंपरा व रीति रिवाजों,पूजा पद्धति के अनुसार रहेंगे व घर मे हिंदू देवी देवता की स्थापना करेंगे तब गांव वाले कि सहमति से अंतिम संस्कार के लिए जगह दी गई ।



धर्मांतरित परिवारों ने बाइबिल को किया नदी में ठंडा :- मृति परिवार की मोनस बाई साहू पति स्व. जगमोहन साहू, दानेश्वरी साहू,देविका साहू, कविता साहू, दुर्गेश्वरी साहू ने गांव के मंदिर में जाकर पूजा की,ईसाई धर्मग्रंथ बाइबिल को नदी में ठंडाकर दिया व हिंदू धर्म के पवित्र गंगाजल को पीकर हिंदू धर्म को अपनाया व पूजा की बालोद जिला में सनोद के बाद हीरापुर में धर्मांतरित ईसाई की मौत पर ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार के लिए जगह देने से मना किया सनोद में स्थानीय प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में गांव वालों के भारी विरोध के बाद धर्मांतरित मृतक के शव को दूसरे जिले धमतरी में भेजा गया।

# कांकेर छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा मत्स्य बीज उत्पादक और निर्यातक जिला



**विजय मत, कांकेर**

छत्तीसगढ़ राज्य में कांकेर जिला मत्स्यबीज उत्पादन के क्षेत्र में सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक जिला बन गया है। जिले के कोयलीबेडा विकासखंड के पखांजूर क्षेत्र में प्रवेश करते ही मत्स्यबीज का विक्रय और परिवहन करते हुए मत्स्य कृषक आसानी से नजर आते हैं।

पहले जिले को मत्स्यबीज हेतु पं. बंगाल और आंध्रप्रदेश पर निर्भर रहना पड़ता था। परंतु मछलीपालन विभाग की नील क्रांति तथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत मत्स्यबीज हैचरी तथा तालाब निर्मित होने से पखांजूर क्षेत्र के कृषक जिले में ही सरप्लस मत्स्यबीज का उत्पादन कर रहे हैं और अब स्थिति यह है कि जिले का मत्स्यबीज अन्य जिलों के साथ-साथ आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, गुजरात, बिहार में भी निर्यात किया जा रहा है। पखांजूर क्षेत्र के मत्स्यबीज की अधिक मांग का कारण यह है कि यहां के मत्स्यबीज उच्च गुणवत्तायुक्त तथा अन्य राज्यों की तुलना में सस्ता है। साथ ही जिले में अप्रेल-मई के माह में ही बीज उपलब्ध हो रहा है। मछलीपालन विभाग के सहायक संचालक एस.एस. कंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि कांकेर जिले में कुल 34 मत्स्यबीज उत्पादन हैचरी है, जिसमें वर्ष 2025-26 हेतु 33700 लाख मत्स्यबीज स्पॉन तथा 12835 लाख स्टेण्डर्ड फ्राय उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जिले में वर्तमान स्थिति तक कुल 19200 लाख मत्स्य बीज स्पॉन तथा 742 लाख स्टेण्डर्ड फ्राय का उत्पादन किया जा चुका है।

जिले के हैचरियों में मत्स्यकृषकों द्वारा मेजर कार्प के साथ-साथ पंगेसियस का मत्स्यबीज उत्पादन किया जा रहा है। पखांजूर क्षेत्र के मत्स्य कृषक विश्वजीत अधिकारी तथा मृणाल बराई से चर्चा करने पर बताया गया कि क्षेत्र से प्रतिदिन 10 से 15 पिकअप मत्स्यबीज छत्तीसगढ़ के अन्य जिले तथा अन्य प्रदेशों में निर्यात किया जा रहा है।

# योग के प्रति बढ़ रही है जागरूकता, लोग उत्साह के साथ कर रहे हैं योगाभ्यास

**विजय मत, जशपुर**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वस्थ तन, स्वस्थ मन और समग्र रूप से स्वस्थ जीवन का संदेश देने के साथ ही जिले में योग को जीवन शैली में शामिल करने हेतु योग महाकुंभ योग को उत्सव के रूप में मनाने योग सप्ताह का आयोजन हो रहा है। योग के लाभों को समझते हुए लोग उत्साह साथ योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कर रहे हैं।आज पांचवे दिन 19 ग्रामों में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ पांचवें दिन गुरुवार को जशपुर विकासखंड अंतर्गत डाईट भागलपुर, प्राथमिक शाला इचकेला। मनोरा विकासखंड अंतर्गत सेजश हिंदी माध्यम स्कूल, शासकीय प्राथमिक शाला घाघरा। बगीचा विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सामबहार, शासकीय प्राथमिक शाला मुढ़ी, शासकीय प्राथमिक शाला कवई, शासकीय प्राथमिक शाला घुघरी। कांसाबेल विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खूंटी टोली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शब्दमुंडा। कुनकुरी विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर, शासकीय प्राथमिक शाला खंण्डसा।

जनसहभागिता से व्यापक पैमाने पर किया जाएगा पौधरोपण

# शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन पौधरोपण करने की जरूरत : कलेक्टर सर्वेश्वर

**विजय मत, राजनांदगांव**

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पौधरोपण के दृष्टिगत समाज प्रमुखों, निजी स्कूलों, स्वयं सेवी संस्थाओं, चेम्बर ऑफ कामर्स एवं विभिन्न संस्थाओं की बैठक ली। इस अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि बारिश को ध्यान में रखते हुए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण का कार्य प्राथमिकता से करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाएं तथा निजी स्कूल के प्रतिनिधि इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए आवश्यक पहल करें। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शासकीय कार्यालयों में 20 जून से पौधरोपण प्रारंभ करेंगे तथा 10 जुलाई तक समापन करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में विभिन्न उद्योगों द्वारा भी पौधरोपण किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में सघन पौधरोपण करने की आवश्यकता है और



जनसहभागिता से यह कार्य करना है। उन्होंने कहा कि शहर में आने वाले वर्षों में विभिन्न तरह के निर्माण संबंधी अधोसंरचना को ध्यान में रखते हुए विविधतापूर्ण विकास के दृष्टिकोण से विभिन्न स्थानों में पौधरोपण करना है, जिससे शहर हराभरा रहे। सभी स्कूल कैंपस, गार्डन एवं अपने घरों में पौधरोपण करें। एक दुकान एक पेड़ के नाम से पौधरोपण कर सकते है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही पौधों को

# सर्विस रोड से जनता को मिलेगी राहत: डॉ.रमन



राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सांसद ने लिखा पत्र

**विजय मत, राजनांदगांव**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह लगातार शहर की समस्याओं के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं। जैसे ही मेडिकल कॉलेज जाने वाले मार्ग में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी, तुरंत ही डॉ. रमन सिंह ने इस पर संज्ञान लेते समय की मांग को देखते इस विषय पर गंभीरता से प्रयास शुरू कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर इस विषय पर तत्काल ही स्वीकृति प्रदान करने का निवेदन किया है। पत्र के तहत डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आरके नगर चौक और मेडिकल कॉलेज चौराहा के पास पिछले कुछ वर्षों में सडक दुर्घटनाओं में बहुत जनहानि हुई है। अभी हाल में ही मेडिकल कॉलेज के पास नेशनल हाईवे में मेडिकल कॉलेज का एक डॉक्टर का भी सडक दुर्घटना में निधन हो गया। इन घटनाओं को दुखद बताते डॉ. सिंह ने अटल बिहारी वाजपई मेमोरियल मेडिकल कॉलेज पेंडरी से आरके नगर चौक तक के दोनों तरफ सर्विस रोड बनाने की मांग की है। डॉ. सिंह ने कहा कि शहर अब विस्तारित हो रहा है।

शहर के नागपुर दिशा की ओर मेडिकल कॉलेज एवं बफार्नी धाम और अन्य रहवासी कालोनियां तेजी से बढ़ गई है। इस ओर 2-3 प्रसिद्ध स्कूल और हजारों बच्चों के लगातार आने-जाने से आवागमन तेजी से बड़ा है, इसलिए सर्विस रोड बनाने की मांग की गई है। इस मांग के पूरी होने से शहर की जनता को राहत मिलेगी। इस समस्या पर सांसद संतोष पांडे ने भी परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को पत्र लिखा था और मांग की थी कि सर्विस रोड बनाने से मेडिकल कॉलेज जाने वाली जनता को राहत मिलेगी।

## रेत-मुरूम भरे 5 वाहन जब्त, परिवहन व उत्खनन पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निदेर्शानुसार जिले में अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन पर राजस्व विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई लगातार की जा रही है। राजस्व टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी और धीरी तथा डोंगरगांव विकासखंड के बरगांव नदी घाट में अवैध रेत एवं मुरूम परिवहन पर 5 वाहनों पर जब्ती की कार्रवाई की गई। एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा ने ग्राम सुरगी में रेत और मुरूम के अवैध परिवहन करने पर जब्ती की कार्रवाई की। ग्राम सुरगी में रेत से भरी हाईवा सीजी 08 बीसी 7415 तथा मुरूम से भरी हाईवा सीजी 04 एचएम 8461 की जब्ती की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही जेसीबी सीजी 08 पी 5746 डी तथा ट्रेक्टर सीजी 08 एआर 7810 को जब्त कर कार्रवाई की गई।

# छत्तीसगढ़ में सक्रिय हुआ मानसून 28 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी



**विजय मत, रायपुर**

मानसून पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो चुका है। मानसून के सक्रिय होते ही प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल चुका है। गरज चमक के साथ बारिश और वज्रपात की गतिविधियां तेज हो गई है। अब झमाझम बारिश होने वाली है। प्रदेश के 28 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण पश्चिम मानसून छत्तीसगढ़ के शेष भागों में आगे बढ़ चुका है। यानी कि पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून सक्रिय हो गया है। गंगीय पश्चिम बंगाल और उसके आसपास के इलाकों में एक निम्न दबाव का क्षेत्रफल बना हुआ है, जो कि ऊपरी हवा का चक्रवर्ती परिसंचरण बना हुआ है। यह 24 घंटे के दौरान झारखंड में धीरे-धीरे उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

***सरगुजा संभाग भारी बारिश!*** इसके प्रभाव से प्रदेश में बारिश की गतिविधियां तेज हो गई हैं। अनेक जगहों पर हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं एक दो जगह पर भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। साथ ही मेघ गर्जनों के साथ वज्रपात की भी संभावना है। दूसरी ओर अगले तीन दिनों तक सरगुजा संभाग के जिलों में एक दो जगह पर भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है।

***इन जिलों में येलो अलर्ट जारी:*** बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में बिजली गिरने और आंधी-बारिश की स्थिति बन सकती है।

***राजधानी में पड़ेंगी बौछारें:*** राजधानी रायपुर में आज गुरुवार को सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। बारिश की स्थिति बनी हुई है। दोपहर या शाम के समय गृह चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

***बीते दिनों ऐसा रहा मौसम:*** पिछले 24 घंटे के दौरान उत्तर छत्तीसगढ़ के अधिकांश जगहों पर मध्यम बारिश दर्ज की गई है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दुर्ग में 35.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान भी दुर्ग में ही 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल सुरता कमलनारायण शर्मा व्याख्यान एवं सम्मान समारोह में हुए शामिल



**विजय मत, रायपुर**

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वरिष्ठ समाजसेवी और नैतिक राजनीति के प्रतीक स्वर्गीय कमलनारायण शर्मा की पुण्य स्मृति में आयोजित 'सुरता कमलनारायण शर्मा व्याख्यान एवं सम्मान समारोह' में आज राजधानी रायपुर में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विशेष रूप से शिरकत कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके विचारों व योगदान को समाज के लिए अमूल्य बताया। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय कमलनारायण शर्मा की स्मृति में जनचेतना, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा की भावना को जीवंत रखने के उद्देश्य से किया गया।

इस अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पत्रकारिता, सामाजिक कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया। जनसंघर्ष के प्रतीक थे कमलनारायण शर्मा झ सांसद बृजमोहन सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ₹कमलनारायण शर्मा जी का जीवन संघर्ष, सेवा और सिद्धांतों की अद्वितीय मिसाल है। वे केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के सजग प्रहरी, विचारों के योद्धा और समाज के लिए समर्पित कर्मयोगी थे। उन्होंने आगे कहा कि उनका जीवन हमें सिखाता है कि कैसे व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर जनसेवा, ईमानदारी और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा जा सकता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, शिक्षा, पत्रकारिता और सामाजिक कार्य जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अनेक व्यक्तित्वों को 'कमलनारायण सम्मान' से नवाजा गया। यह सम्मान उन लोगों को दिया गया जिन्होंने कमलनारायण जी की विचारधारा और मूल्य आधारित जीवन को अपने कार्यों से जीवंत बनाए रखा है। गरिमामयी उपस्थिति समारोह में वरिष्ठ चिंतक रघु ठाकुर, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, प्रभात मिश्र, सविता पाठक सहित छत्तीसगढ़ के अनेक प्रबुद्धजन, समाजसेवी और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# संभागायुक्त महादेव कावरे ने भारतमाला योजना के संबंध में ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



**विजय मत, रायपुर**

संभागायुक्त महादेव कावरे ने भारतमाला योजना के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने इस संबंध में आई विभिन्न दावा आपत्तियों की जानकारी ली। श्री कावरे ने संबंधित पक्षों और आम जनता द्वारा की गई शिकायतों का समिति बनाकर निराकरण करने के निर्देश दिए। इस बैठक में उपायुक्त श्रीमती ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, उमाशंकर बंदे और अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने गोदाम का निरीक्षण कर भंडारण व्यवस्था पर जताई संतोष

# वृक्षों की देखरेख करें और परिसर स्वच्छ रखें : चन्दूलाल साहू

**विजय मत, गरियाबंद**

छत्तीसगढ़ राज्य भकार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने गरियाबंद जिले के नहरगांव स्थित भकार गृह निगम शाखा और गोदाम परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भंडारण व्यवस्था, चावल की गुणवत्ता और भंडारण की तकनीकी व्यवस्थाओं की गहनता से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने गोदाम में चावल की सुरक्षा, रख-रखाव और भंडारण के तरीके की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था बेहतर है और इसी तरह गुणवत्ता और मानक को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने गोदाम प्रबंधन को निर्देशित किया कि अनाज की सुरक्षा और गुणवत्तायुक्त भंडारण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, ताकि किसानों और उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रह सकें। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष चंदूलाल साहू के साथ गरियाबंद भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्रकार, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह हुंडल अजय रोहरा नोडल अधिकारी बी.एल. नोडल, किरण राय डी.एम., अन्य वरिष्ठ नेता, अधिकारी और निगम के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने गोदाम के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर भंडारण प्रणाली को देखा और जरूरी बिंदुओं पर चर्चा की। निरीक्षण के बाद अध्यक्ष साहू ने परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि निगम के परिसरों में हरियाली बढ़ाना आवश्यक है, ताकि हम अपनी जिम्मेदारी के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रख सकें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे वृक्षों की देखरेख करें और परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखें।

अध्यक्ष ने अपने निरीक्षण के अंत में अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदाम परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था में और सुधार करें तथा किसानों से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखें। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने भी उनके प्रयासों की सराहना की। यह निरीक्षण कार्यक्रम निगम की कार्यप्रणाली को सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बिना प्रशासनिक अनुमति के बायो फ्यूल्स फैक्ट्री के लिए बिछा दी पाईप लाइन

**राजनांदगांव।** सोमनी इलाके में एक फैक्ट्री को बिना प्रशासनिक अनुमति के पीडब्ल्यूडी ने पाईप लाइन बिछाकर मेहरबानी दिखाई है। पीडब्ल्यूडी ने पाईप लाइन बिछाने से पूर्व न तो जल संसाधन विभाग और पंचायत से अनुमति ली है। अब इसके खिलाफ आसपास के ग्रामीण लामबंद हो गए। इस मामले को लेकर ग्रामीणों से मुलाकात कर पीडब्ल्यूडी के खिलाफ शिकायत की है। वहीं बायो फ्यूल्स फैक्ट्री के द्वारा पेयजल को दूषित करने का भी आरोप लगाया है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमनी के फुलझर क्षेत्र में न्यू लुक बायो फ्यूल्स फैक्ट्री ने इंदावानी जलाशय में पाईप लाइन बिछा दी है।

# दिव्यांगजनों के लिए आयोजित किया गया प्लेसमेंट कैम्प

## 07 दिव्यांगजनों का किया गया अंतिम चयन

**विजय मत, रायपुर**

रोजगार कार्यालय रायपुर द्वारा दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का विशेष आयोजन किया गया` यह कैंप 18 जून 2025 को सुबह 11 से 3 बजे तक विशेष रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर सिविल लाइन्स में किया गया ।



विशेष रोजगार कार्यालय की उप संचालक डॉ शशि अतुलकर ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प में अलर्ट एस.जी.एस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर और डॉ. रेड्डीस फॉउंडेशन नियोजक शामिल हुए । 11 दिव्यांग अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें से 07 दिव्यांगजनों का अंतिम चयन किया गया। चयनित दिव्यांगजनों में हेमंत कुमार साहू, दशमती लोहा, सरिता सोनकर, गुलाम मोहसीन, लव कुमार कर्ष, तेजेश्वर डहरयि, सीताराम साहू का नाम शामिल है ।

## सीएम ने आद्या पांडेय को सांस्कृतिक उत्कृष्टता के लिए किया सम्मानित

**विजय मत, भिलाई**

छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भिलाई की प्रतिभाशाली नृत्यांगना सुश्री आद्या पांडे को भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के माननिय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आद्या पांडे को बधाई देते हुए और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बाल आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में यह सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। आद्या के पिता श्री दिनेश पांडे सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मर्चेंट मिल विभाग में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता श्रीमती सोनिया पांडे एक गृहिणी हैं। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों के चयन के तहत प्रदान किया गया।



# एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजना के तहत 30 जून तक ई-केवायसी अनिवार्य

**विजय मत, रायपुर**

भारत सरकार के एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में आधार प्रमाणीकरण आधारित खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू करने हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े सभी राशनकार्डधारकों के परिवार के सदस्यों का ई-केवायसी (ी-ङ उ) अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 81.56 लाख राशनकार्ड प्रचलन में हैं, जिनमें 2.73 करोड़ सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से 2.35 करोड़ सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है, जबकि लगभग 38 लाख सदस्यों का ई-केवायसी शेष है।

भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ई-केवायसी से छूट प्रदान की गई है। खाद्य सचिव श्रीमती रीना कंगाले ने जानकारी दी कि राज्य की सभी उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीनों के माध्यम से ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा विकसित ₹मेरा ई-केवायसी₹ मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से भी हितग्राही अपने स्मार्टफोन से घर बैठे स्वयं ई-केवायसी कर सकते हैं। मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते है। उन्होंने सभी राशनकार्ड धारकों से अपील की है कि 30 जून 2025 की अंतिम तिथि से पूर्व अपना और परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करवा लें, जिससे खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# उर्वरकों, खाद, बीज के लिए कांग्रेस करेगी आंदोलन

## 25 जून से 30 जून तक सोसायटी दफ्तरों में होगा प्रदर्शन

**विजय मत, रायपुर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि खाद, बीज, उर्वरक विशेषकर डी.ए.पी. और एनपीके की कमी पूरे प्रदेश में संकट है, सरकार ध्यान नहीं दे रही। सरकार जमीनी हकीकत से मुंह मोड़ रही है, न समय पर खाद की रेक की व्यवस्था कर पाये, न सोसायटियों में भण्डारण की व्यवस्था हुई, खरीफ की बोनी का समय आ चुका है, किसानों न खाद मिल रहा है, न बीज। किसान परेशान है। किसानों की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस प्रदेश की सभी सोसायटियों में उर्वरकों और बीज की मांग को लेकर प्रदर्शन करेगी। यह प्रदेश में 25 से 30 जून तक चलेगा। उसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरेगी तो कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे।

***प्रदेश में सरकार के संरक्षण में रेत माफिया हावी है:*** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि समोदा, आरंग, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, कुरूद, राजनांदगांव सहित प्रदेश में रेत माफिया का आतंक दिनों दिन बढ़ते जा रहा, गोली मार रहे, खनिज विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को रेत तस्कर के गुर्गे दौड़ा कर मार रहे है, शिकायत करने वालों को खंभे से बांधकर पीट रहे, पुलिस आरक्षक को ट्रैक्टर से कुचल कर मार रहे, पत्रकारों को पीट रहे, अब तो धमतरी में उत्खन्न रोकने गई सरकारी जेसीबी के ड्राईवर को चाकू मार दिया गया। बिना सरकार के संरक्षण के पूरे प्रदेश में इस प्रकार की घटनाएं नहीं घट सकती है। शासन में बैठे सत्तारूढ़ दल के नेता खनन माफिया को संरक्षण दे रहे है।

***सरकार शराब की काली कमाई में लगी:*** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूरे प्रदेश में अवैध शराब बिक रही, ओवर रेट पर शराब बिक रही, पूरी सरकार शराब की काली कमाई में लगी है। नकली होलोग्राम लगाकर सरकारी दुकान में मिलावटी शराब बेची जा रही है।

### कमीशनखोरी के लिए चरण पादुका बांट रही



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कमीशनखोरी के लिए चरण पादुका पहले भी रमन सरकार में बांट रहे थे तब किसी को एक पैर में 6 नंबर, एक पैर में 8 नंबर का चप्पल देते थे। केवल कमीशनखोरी के लालच में गुणवत्ताहीन जूता-चप्पल खपाने का षड़यंत्र रचा गया है। हमने नगद देना शुरू किया था, भाजपा की सरकार आने के बाद जनता की गाढ़ी कमाई कमीशनखोरी की भेट चढ़ाना फिर से शुरू कर दिया है। तेंदूपत्ता संग्रहण की मात्रा कम कर दी गयी, संग्राहको का बीमा योजना दुर्भावनापूर्वक बंद कर दिये, बोनस का पैसा बकाया है लेकिन जनता की गाढ़ी कमाई का 40 करोड़ कमीशनखोरी के लालच में चरण पादुका के नाम पर फूंका जा रहा है। वनोपज संग्राहकों को उनके हक और अधिकार का पैसा चाहिए।

# विकसित भारत का अमृत काल: सेवा, सुशासन के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण

**विजय मत, बालोद**

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत के संकल्प से सिद्धि तक की संकल्पना को समर्पित प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच द्वारा किया जायेगा। यह विशेष कार्यक्रम स्थानीय कबीर मंदिर, शिकारीपारा (बालोद) में कल 20 जून प्रातः 11:00 बजे से संपन्न होगा। आयोजन में बतौर मुख्य वक्ता पूर्व विधायक (धमतरी) श्रीमती रंजना साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, तथा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश देशमुख विशेष रूप से उपस्थित रहेगे। पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ. आर. एम. चावड़ा, सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. आर. गजेंद्र, एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य बी. आर. बेलसर के नेत्रित्व में सम्पन्न होगा ।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# और कितने हादसों का इंतजार

चारधाम यात्राएं अंतिम यात्रा बनती जा रही हैं द्यऔर कितने हादसों का इंतज़ार, यह दर्दनाक हादसे कब रुकेंगे, मौत का मंजर थमता नजर नहीं आ रहा है प्रतिदिन देश में विमान हादसे होते जा रहे हैं द्य विमान मौत का ताबूत बनते जा रहे हैं द्य देश में हवाई यात्राएं असुरक्षित होती जा रही हैं हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाना होगा द्य बढ़ते हेलीकाप्टर हादसों से लोग खौफजदा हैं द्य एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए केदारनाथ में रविवार को श्रद्धांलुओं का हेलीकाप्टर क्रैश हो गया जिसमें 7लोग मारे गए मरने वालों में एक 23माह का अबोध बच्चा भी हादसे में मारा गया द्य खुशी खुशी पर जा रहे लोगों ने सपने मै भी नहीं सोचा होगा की यह चारधाम यात्रा अंतिम यात्रा बन जाएगी द्य हेलीकाप्टर क्रैश के लगातार हो रहे हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए और लापरवाही बरतने वालों पर शिकंजा कसना चाहिए जो लोगों को मौत बाँट रहे हैं द्य परिवार के परिवार खत्म हो रहे हैं पिछले काफ़ी समय से यह हादसे बदस्तूर जारी हैं दर्जनों हादसे हो चुके हैं द्य निजी कम्पनीयां मुनाफा कमाने के चक्कर में यात्रियों को मौत के मुँह में धकेल रही है द्य बढ़ते हादसों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे द्य हेलीकाप्टर के बढ़ते हादसों से असमय ही बेमौत मारे जा रहे हैं द्य इस घटना ने सवाल खड़े कर दिये हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। पिछले कई सालों से ऐसे दर्दनाक हादसे हो रहे हैं सरकारें ऐसी घटनाओ के बाद मुआवजों की घोषणा करने तथा जांच के आदेश देने में देरी नहीं करती। देश में प्रतिदिन ऐसे मर्मातंक हादसे होते है मगर सुधार नहीं होता । ।इन हादसों में सैंकड़ों बच्चे अनाथ हो गए और कई मां-बहनों का सिदूर मिट गया और बहनों के भाई मारे गए।केन्द्र सरकार को इन हादसों के संदर्भ में छानबीन करवानी चाहिए तथा दोषियों को सजा देनी होगी।

### नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# इजरायल-ईरान युद्ध में परमाणु हथियारों की चर्चा पर दुनिया सहमीं

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर वर्तमान समय में दो दो देशों में बहुत लंबे समय से चल रहे युद्ध के पीछे चल रही ताकतों को सब जानते हैं, क्योंकि कोई भी देश के लिए सिर्फ अपने अकेले के बल पर इतनी ताकत से लंबी लड़ाई लड़ना संभव नहीं है, हालांकि सब जानते हैं कि इन युद्धों के पीछे कौन सी ताकत है खड़ी है? मेरा मानना है कि इन ताकतों को अपने स्टेटस को छोड़कर, दो-दो कदम आगे पीछे होकर मामला उलझा कर युद्ध विराम को प्राथमिकता देना जरूरी है,वरना किसी भी देश ने परमाणु वेपंस के इस्तेमाल की शुरुआत की तो लपेटेमें पूरी दुनियाँ आ जाएगी, जिसका परिणाम हिरोशिमा नागासाकी से भी भयंकर आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।इसलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र से इस आर्टिकल के माध्यम से पर्दे के पीछे सभी देशों, गुटों से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह अंध समर्थन बंद कर सुलह का रास्ता निकालकर इजरायल- ईरान- हमास, रूस-यूक्रेन सहित अनेकों देशों में आपसी टकराव को सुलझाने के लिए आगे आए ताकि पूरी दुनियाँ एक जंग का अखाड़ा ना बन सके, क्योंकि कुछ देश खुलकर समर्थन में आ रहे हैं तो कुछ देशों ने पर्दे के पीछे समर्थन देकर लड़ाई करने वाले देशों को बढ़ावा दे रहे हैं, मेरा मानना है इसे बंद कर शांति की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। हमारे पीएम साहब भी हमेशा यही अपील करते रहते हैं। परमाणु वेपंस का उपयोग हुआ तो मेरे विचार से पूरी दुनियाँ दहल जाएगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजरायल ईरान सैन्य टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंच?दुनियाँ दो गुटों में बंटने की ओर बढ़ी, तीसरे विश्व युद्ध की आहट? इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष हर बीतते घंटे के साथ और बढ़ता जा रहा है,सोमवार देर शाम को इजरायल ने एक बार फिर मध्य ईरान पर हवाई हमले किए, इधर ईरान ने भी इजरायल पर अब तक लगभग 400 बैलेस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया है, वहीं एक न्यूज से इजरायल के पीएम ने कहा है कि खामेनेई के खात्मे के साथ ही क्षेत्र में शांति आएगी। इजराइल और ईरान के बीच लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजराइल एयरफोर्स ने ईरानी की राजधानी तेहरान में नेशनल टीवी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग की बिल्डिंग पर बम गिराए।घटना के समय टीवी एंकर लाइव शो होस्ट कर रही थी। वह बम धमाके में बाल-बाल बच गई। घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसमें एंकर को स्टूडियो से भागते हुए देखा गया। साथियों बात अगर हम इजरायल -ईरान के भयावह होते युद्ध को हम 10 प्वाइंटों में समझने की करें तो (1) इजरायल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है और दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है,इजरायल ने ईरान पर बड़ा हमला किया, जिसमें ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया. ईरान ने इजरायल के हमले का जवाब देने के लिए ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस लॉन्च किया है, इसके तहत ईरान ने इजरायल पर 100 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इजरायल की सेना ने अपने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सुरक्षित स्थानों पर शरण लें, (2) वहीं, रविवार को एक बार फिर इजरायल के आसमान में ईरानी मिसाइलों की बौछार हुई, जबकि दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी है, इजरायल की सेना ने कहा कि ईरान की मिसाइलें आ रही हैं, यरुशलम में सायरन की आवाजें सुनाई दे रही हैं, जबकि कई वीडियो में तेल अवीव और यरुशलम के आसमान पर मिसाइलें दिखाई दे रही हैं और उनमें से कई को इजरायल की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा रोक दिया गया है,(3) ईरान ने शिराज शहर से इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों की बारिश कर दी है, जिससे उत्तर में हाइफ़ा से लेकर दक्षिण में ईलाट तक लगभग पूरे इज़राजल में रेड अलर्ट जारी किया गया. तेल अवीव, यरुशलम, बेयर शेवा, हाइफ़ा और दर्जनों अन्य शहरों में हवाई हमले के सायरन की आवाज सुनी गईं, (4) सेना ने कहा है कि ईरानी मिसाइलों की बौछार से इजरायल में कई जगहों पर हमला हुआ है. आरटी इंटरनेशनल की एक पोस्ट के अनुसार, ईरान के हमलों के बाद हाइफा शहर में भीषण आग देखी गई,इसने अनाम इजरायली अधिकारियों के हवाले से बताया कि अब तक इस हमले में चार लोग घायल हुए हैं, (5) ईरान में भी नज़ारा कुछ अलग नहीं है. तेहरान से आई तस्वीरों में रात के समय आसमान में ईंधन डिपो में लगी आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। यह आग इजरायल द्वारा ईरान के तेल और गैस क्षेत्र पर हमले शुरू करने के बाद लगी है, इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और ईरानी राज्य के कामकाज पर खतरा बढ़ गया है। (6) ईरान ने शनिवार की देर रात तेल अवीव द्वारा ईरानी परमाणु संयंत्रों, मिसाइल कारखानों और सैन्य कमांड केंद्रों पर किए गए हमले के जवाब में इजरायल के हाइफा पोर्ट और पास की एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए। (7) हाइफा शहर के स्काईलाइन पर मिसाइलें नजर आईं, जिससे वहां के लोग दहशत में थे, ईरान लगातार बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन से हमला करता रहा और इजरायल का एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम इन मिसाइलों को हवा में ही इंटरसेप्ट करने में जुट गया,(8) पोर्ट पर रासायनिक टर्मिनल में छर्रे गिरे और कुछ अन्य मिसाइल तेल रिफाइनरी पर गिरे, लेकिन पोर्ट की सुविधाओं को कोई नुकसान नहीं हुआ, बताया जाता है कि रिफाइनरी पोर्ट से कुछ दूरी पर है, हाइफा पोर्ट उत्तरी इजरायल में स्थित एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय पोर्ट है, जो दक्षिण की तुलना में अपेक्षाकृत कम अस्थिर क्षेत्र है. यह देश के आयात और निर्यात दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण पोर्ट है, (9) ईरान द्वारा लगातार दूसरी रात इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने के बाद तनाव में वृद्धि हुई है. ईरानी सरकारी मीडिया ने दावा किया है कि हाइफा तेल रिफाइनरी पर सीधा हमला हुआ है, जिससे उत्तरी पोर्ट शहर के पास भीषण आग लग गई, मिसाइल हमला हाइफा के पास तमरा में एक आवासीय इमारत पर हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 14 अन्य घायल हो गए,(10) इजरायल और ईरान ने रविवार रात को एक-दूसरे पर फिर से हमले किए, जिसमें कई लोग मारे गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष को आसानी से समाप्त किया जा सकता है।



> साथियों बात अगर हम इजरायल ईरान युद्ध की करें तो दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच चुकाहै,इजरायल और ईरान के बीच 13-14 जून 2025 को शुरू हुआ सैन्य टकराव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है, इजरायल की ओर से तेहरान में परमाणु सुविधाओं और सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों ने ईरान को भारी नुकसान पहुंचाया,जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायल के तेल अवीव, हाइफा और बेन गुरियन एयरपोर्ट पर बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन हमले किए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# सम्मान और अधिकार को तरसते शरणार्थी

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर हर वर्ष विश्व शरणार्थी दिवस 20 जून को मनाया जाता है जिसकी प्रतिवर्ष एक थीम होती है,जो 20 जून 2025 की थीम मान्यता के माध्यम से एकजुटता है।असल में,दुनिया भर में एक बड़ी संख्या में शरणार्थी रहते हैं। इनके साथ आए दिन प्रताड़ना, संघर्ष और हिंसा जैसी कई चुनौतियों के कारण इनको अपना देश छोड़कर बाहर भागने को मजबूर होना पड़ता है। जिसके बाद इन सभी को कई देशों में पनाह मिल जाती है। वहीं, कई देशों से इनको निकाल भी दिया जाता है। बेशक इन्हें पनाह मिल जाए, लेकिन वो सम्मान और अधिकार नहीं मिल पाते।शरणार्थी के साहस, शक्ति और संकल्प के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। इसके साथ ही इस दिन को मनाये जाने का एक अन्य उद्देश्य शरणार्थियों की बुरी दुर्दशा की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना और उनकी समस्याओं का हल करना है,संयुक्त राष्ट्र 1951 शरणार्थी सम्मेलन और इसके प्रोटोकाल 1967, हालांकि भारत अमेरिका ने इसपर हस्ताक्षर नहीं किए हैं,परंतु इसके अनुसार शरणार्थी सम्मेलन और इसका 1967 प्रोटोकॉल अत्यंत महत्वपूर्ण है शरणार्थी दुनियाँ के सबसे कमजोर लोगों में से हैं। यह सम्मेलन और प्रोटोकॉल उनकी सुरक्षा में मदद करता है। वे एकमात्र वैश्विक कानूनी साधन हैं जो स्पष्ट रूप से एक शरणार्थी के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं को कवर करते हैं। उनके प्रावधानों के अनुसार, शरणार्थी, कम से कम, किसी दिए गए देश में अन्य विदेशी नागरिकों के साथ व्यवहार के समान मानकों के पात्र हैं और, कई मामलों में,नागरिकों के समान व्यवहार।1951 के कन्वेंशन में कई अधिकार शामिल हैं और यह अपने मेजबान देश के प्रति शरणार्थियों के दायित्वों पर भी प्रकाश डालता है। 1951 के कन्वेंशन की आधारशिला गैर-रिफाउलमेंट का सिद्धांत है। इस सिद्धांत के अनुसार, एक शरणार्थी को उस देश में नहीं लौटाया जाना चाहिए जहां उसे अपने जीवन या स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरा है। शरणार्थियों द्वारा इस सुरक्षा का दावा नहीं किया जा सकता है,जिन्हें देश की सुरक्षा के लिए उचित रूप से खतरा माना जाता है, या विशेष रूप से गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है,उन्हें समुदाय के लिए खतरा माना जाता है। परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भाववाणी गोंदिया महाराष्ट्र, यह मानता हूं कि अभी 1951 सम्मेलन तथा 1967 के प्रोटोकॉल को संशोधन करने की जरूरत आन पड़ी है? क्योंकि वर्तमान समय में हम अमेरिका- भारत-पाकिस्तान सहित अनेकों देशों में हो रहे गंभीर दंगों व आवर्ज़न विवादों के कारण माहौल दंगों में बदलने की संभावना हो गई है?

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# बौद्ध धर्म को मानने वाले तिब्बत का दर्द

**संजय गोस्वामी**

तिब्बत हमेशा अपनी आजादी के लिए लगभग 70सालों से चीन के चंगुल से अपने आप को छुड़ाने की गुहार विश्व पटल पर लगा रहा हैदुनिया में आज कोई ऐसा देश खोजना मुश्किल है, जिस पर इतिहास के किसी दौर में किसी विदेशी ताक़त का प्रभाव या अधिपत्य न रहा हो। तिब्बत के मामले में विदेशी प्रभाव या दखलंदाज़ी तुलनात्मक रूप से बहुत ही सीमित समय के लिए रही थी इस शोध पत्र में उनके स्वायित्व व चीन के अमानवीय व्यवहार जो भगवान बुद्ध के शांति के मार्ग पर चलने के लिए तिब्बत शरणार्थी शिविरों जो भारत में अपने देश की आजादी के लिए संघर्षरत है उस पर विश्व पटल पर मानवाधिकार हनन के लिए बहुत ही मुश्किल लेकिन उनकी आजादी की मांग करें क्योंकि इससे मानवता की रक्षा होती है। परिणाम स्वरूप 19 वीं शताब्दी तक तिब्बत ने अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थिर रखी यद्यपि इसी बीच लद्दाख़ पर कश्मीर के शासक ने तथा सिक्किम पर अंग्रेजों ने आधिपत्य जमा लिया। अंग्रेजों ने अपनी व्यापारिक चौकियों की स्थापना के लिये कई असफल प्रयत्न किया। इतिहास के मुताबिक तिब्बत को दक्षिण में नेपाल से भी कई बार युद्ध करना पड़ा और नेपाल ने इसको हराया। नेपाल और तिब्बत की सन्धि के मुताबिक तिब्बत को हर साल नेपाल को 5000 नेपाली रुपये हरज़ाना भरना पड़ा। इससे आजित होकर नेपाल से युद्ध करने के लिये चीन से मदद माँगी चीन के मदद से उसने नेपाल से छुटकारा तो पा लिया लेकिन इसके बाद 1906-07 ई0 में तिब्बत पर चीन ने अपना अधिकार कर लिया और याटुंग ग्याड्से एवं गरटोक में अपनी चौकियाँ स्थापित की। 1912 ई0 में चीन से मांछु शासन अंत होने के साथ तिब्बत ने अपने को पुनः स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया। सन् 1913-14 में चीन, भारत एवं तिब्बत के प्रतिनिधियों की बैठक शिमला में हुई जिसमें इस विशाल पठारी राज्य को भी भागों में विभाजित कर दिया गयाः 23 मई, 1951 को तिब्बत ने चीन के इस विवादित समझौते पर साइन किए थे। 13वीं शातब्दी में तिब्बत, मंगोल साम्राज्य का हिस्सा था और जीत के बाद से इसे हमेशा स्वायत्तता हासिल रही। इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीनों तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा। आखिरकार तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन मुख्यतः बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के तिब्बत सुदूर इलाके को संसार की छत के नाम से भी जाना जाता है। चीन में तिब्बत का दर्जा एक स्वायत्तशासी क्षेत्र के तौर पर है।चीन का कहना है कि इस इलाके पर सदियों से उसकी संप्रभुता रही है जबकि बहुत से तिब्बती लोग अपनी वफादारी अपने निर्वासित आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के प्रति रखते हैं।दलाई लामा को उनके अनुयायी एक जीवित ईश्वर के तौर पर देखते हैं तो चीन उन्हें एक अलगाववादी ख़तरा मानता है।तिब्बत का इतिहास बेहद उथल-पुथल भरा रहा है। कभी वो एक खुदमुख़्तार इलाके के तौर पर रहा तो कभी मंगोलिया और चीन के ताक़तवर राजवंशों ने उस पर हुकूमत की। लेकिन साल 1950 में चीन ने इस इलाके पर अपना झंडा लहराने के लिए हज़ारों की संख्या में सैनिक भेज दिए। तिब्बत के कुछ इलाकों को स्वायत्तशासी क्षेत्र में बदल दिया गया और बाक़ी इलाकों को इससे लगने वाले चीनी प्रांतों में मिला दिया गया।लेकिन साल 1959 में चीन के ख़िलाफ़ हुए एक नाकाम विद्रोह के बाद 14वें दलाई लामा को तिब्बत छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी जहां उन्होंने निर्वासित सरकार का गठन किया। साठ और सत्तर के दशक में चीन की सांस्कृतिक क्रांति के दौरान तिब्बत के ज़्यादातर बौद्ध विहारों को नष्ट कर दिया गया। माना जाता है कि दमन और सैनिक शासन के दौरान हज़ारों तिब्बतियों की जाने गई थीं।चीन और तिब्बत के बीच विवाद, तिब्बत की क़ानूनी स्थिति को लेकर है। चीन कहता है कि तिब्बत तेरहवीं शताब्दी के मध्य से चीन का हिस्सा रहा है लेकिन तिब्बतियों का कहना है कि तिब्बत कई शताब्दियों तक एक स्वतन्त्र राज्य था और चीन का उसपर निरंतर अधिकार नहीं रहा। मंगोल राजा कुबलई ख़ान ने युआन राजवंश की स्थापना की थी और तिब्बत ही नहीं बल्कि चीन, वियतनाम और कोरिया तक अपने राज्य का विस्तार किया था।फिर सत्रहवीं शताब्दी में चीन के चिंग राजवंश के तिब्बत के साथ संबंध बने। 260 साल के रिश्तों के बाद चिंग सेना ने तिब्बत पर अधिकार कर लिया। लेकिन तीन साल के भीतर ही उसे तिब्बतियों ने खदेड़ दिया और 1912 में तेरहवें दलाई लामा ने तिब्बत की स्वतन्त्रता की घोषणा की। फिर 1951 में चीनी सेना ने एक बार फिर तिब्बत पर नियन्त्रण कर लिया और तिब्बत के एक शिष्टमंडल से एक संधि पर हस्ताक्षर करा लिए जिसके अधीन तिब्बत की प्रभुसत्ता चीन को सौंप दी गई। दलाई लामा भारत भाग आए और तभी से वे तिब्बत की स्वायत्तता के लिए संघर्ष कर रहे हैं।जब 1949 में चीन ने तिब्बत पर क़ब्ज़ा किया तो उसे बाहरी दुनिया से बिल्कुल काट दिया।तिब्बत में चीनी सेना तैनात कर दी गई, राजनीतिक शासन में दख़ल किया गया जिसकी वजह से तिब्बत के नेता दलाई लामा को भाग कर भारत में शरण लेनी पड़ी।फिर तिब्बत का चीनीकरण शुरू हुआ और तिब्बत की भाषा, संस्कृति, धर्म और परम्परा सबको निशाना बनाया गया।किसी बाहरी व्यक्ति को तिब्बत और उसकी राजधानी ल्हासा जाने की अनुमति नहीं थी, इसीलिये उसे प्रतिबन्धित शहर कहा जाता है। विदेशी लोगों के तिब्बत आने पर ये पाबंदी 1963 में लगाई गई थी। हालांकि 1971 में तिब्बत के दरवाज़े विदेशी लोगों के लिए खोल दिए गए थे।चीन और दलाई लामा का इतिहास ही चीन और तिब्बत का इतिहास है।



विश्व शरणार्थी दिवस पर विशेष

> हिमालय के उत्तर में स्थित तिब्बत 12 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ और अशांति से भरा एक कटा हुआ इलाका है। इसका इतिहास कई तरह के झटकों और परेशानियों से भरा हुआ है। 1013 ई0 में नेपाल से धर्मपाल तथा अन्य बौद्ध विद्वान् तिब्बत गए। 1042 ई0 में दीपंकर श्रीज्ञान अतिशा तिब्बत पहुँचे और बौद्ध धर्म का प्रचार किया। शाक्यवंशियों का शासनकाल 1207 ई0 में प्रांरभ हुआ। मंगोलों का अंत 1720 ई0 में चीन के माँछु प्रशासन द्वारा हुआ। तत्कालीन साम्राज्यवादी अंग्रेंजों ने, जो दक्षिण पूर्व एशिया में अपना प्रभुत्व स्थापित करने में सफलता प्राप्त करते जा रहे थे, यहाँ भी अपनी सत्ता स्थापित करनी चाही, पर 1788-1792 ई0 के गुरखों के युद्ध के कारण उनके पैर यहाँ नहीं जम सके।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

## शब्द पहेली - 8403

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | | 3 | | 4 |
| | | | 5 | 6 | 7 | | | |
| 8 | 9 | | | 10 | | | | |
| | 11 | 12 | | | | 13 | 14 | |
| | 15 | | | | 16 | | | |
| 17 | | | | 18 | | 19 | | |
| | | | 20 | | | | 21 | 22 |
| | | 23 | | | 24 | | | |
| 25 | | | | | 26 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

### ऊपर से नीचे

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3


### शब्द पहेली -8402 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब | र | ग | द | | स | | |
| | द | | म | | कि | फ़ा | य | त |
| अ | ना | प | | कि | रा | या | | ह |
| | म | र | ना | | ये | | रा | जी |
| प्र | | स | म | झ | दा | र | | ब |
| त्या | ग | | क | | र | स | ना | |
| रो | | ज | मा | त | | म | म | ता |
| प | न | प | ना | | चो | | ची | |
| | | ना | | अ | र | मा | न | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**20 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 04.55 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कर्क | 07.12 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.28 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 11.40 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 13.51 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.05 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.21 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.27 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.13 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 23.46 बजे से |
| 10.30 से | | मेष | 01.16 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | वृष | 02.56 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 171 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 09.50 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रेवती 21.45 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 23.47 बजे को समाप्त।
**करण** गर 09.50 बजे तदनन्तर वणिज 20.37 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872381
**जूलियन दिन** 2460846.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

### ऊर्जा मंत्री ने 47 ट्राई साईकिल, 2 व्हील चेयर एवं 359 हितग्राहियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

# आर्थिक रूप से कमजोर व असहायों की मदद के लिए सरकार कटिबद्धः मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

**विजय मत, भोपाल**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुरुवार को दिव्यांगों को 47 ट्राई साईकिल व 2 व्हील चेयर एवं 359 हितग्राहियों को कामकाजी महिला कार्ड, आयुष्मान कार्ड, कल्याणी पेंशन और राशन पात्रता पर्चियों का वितरण किया। ग्वालियर रेसकोर्स रोड स्थित स्थानीय आवास पर यह सहायता वितरित करते हुए ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी भाव के साथ प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय एवं अन्य जरूरतमंदों की मदद पूरी प्रतिबद्धता के साथ कर रही है।



ऊर्जा मंत्री तोमर ने जन समुदाय से कहा कि आप सबके सहयोग से ग्वालियर उप नगर की तस्वीर बदल रही है। केन्द्र व राज्य सरकार कृत संकल्पित होकर देश व प्रदेश के विकास में जुटी हैं। सरकार से ग्वालियर उपनगर के विकास के लिये लगातार धनराशि प्राप्त हो रही है, इससे इस क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मैं ट्राई साईकिल वितरण कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता के मामले में ग्वालियर को अव्वल बनाना है। इसलिए अपने घर व अपनी गली को स्वच्छ रखना हमें अपनी आदत में शामिल करना होगा, तभी हम स्वच्छ ग्वालियर के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर राज्य और केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 359 हितग्राहियों को हित लाभ के प्रमाण पत्र वितरित किए गये। ऊर्जा मंत्री ने कहा वे नियमित रूप से फेसबुक पर लाइव होते हैं। इसके जरिए भी मुझसे जुड़कर नाकरिक अपनी समस्या बता सकते हैं। तोमर ने यह भी कहा हम सभी संकल्प लें कि हमें नशा मुक्त और स्वच्छ ग्वालियर बनाना है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज करेंगे सदानीरा समागम का शुभारंभ

- जलसंरचनाओं को बचाने देश में पहली बार एकजूट हो रहे अनेक कलाओं के 200 से अधिक ख्यात लोग
- 25 जून 2025 तक भारत भवन में आयोजित होंगे वैचारिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम

**विजय मत, भोपाल**



जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सदानीरा समागम का शुभारंभ भारत भवन में 20 जून को सायं 6 बजे माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे। 25 जून तक आयोजित इस समागम का आरंभ ऋषिकेश पांडे द्वारा निर्देशित लघु फिल्म सदानीरा के लोकार्पण से होगा। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीर भारत न्यास, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् एवं मध्यप्रदेश जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों सदानीरा, पृथ्वी पानी का देश है..., अमृत जलधारा (चार खंड) व जल धरा का विमोचन भी करेंगे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन, संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

माननीय मुख्यमंत्रीजी के संस्कृति सलाहकार एवं वीर भारत न्यास के न्या?सी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि सदानीरा समागम देश में अकेला ऐसा समारोह होने जा रहा है जो नदियों, जलस्त्रोतों, जल संरचनाओं को संवर्धित एवं संरक्षित करने विविध गतिविधियों से भरा है। ऐसा पहली ही बार हो रहा है कि साहित्य, कला व विज्ञान सहित अनेक माध्यमों के लगभग 200 से अधिक वैज्ञानिक, पुरातत्वविद, साहित्यकार, लेखक, पत्रकार, सिने अभिनेता व नाट्य कलाकार सहभागी हो रहे हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईरान से भारतीयों की वापसी पर प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युद्धग्रस्त ईरान में फंसे 110 भारतीय नागरिकों की सकुशल स्वदेश वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संचालित ऑपरेशन सिन्धु संकट के समय में नागरिकों की सुरक्षा के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का पर्याय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस ऑपरेशन की सफलता 'नए भारत' के अतुल्य सामर्थ्य और कर्तव्यबोध का प्रेरणादायक प्रमाण है। भारत सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार अपने नागरिकों को विपरीत परिस्थितियों में कभी अकेला नहीं छोड़ती है।

### प्रदेश में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण, 12 ट्रेड में दिया गया प्रशिक्षण

**भोपाल।** प्रदेश के 2383 सरकारी स्कूलों में कक्षा-9वीं से 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा व्यावसायिक शिक्षा योजना संचालित की जा रही है। पिछले शैक्षणिक सत्र में 12 ट्रेड्स में करीब 4 लाख 5 हजार विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया गया। 12 ट्रेड में एग्रीकल्चर, अपेरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, बैंकिंग एण्ड फायनेंस सर्विसेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर, हेल्थ केयर, रिटेल, फिजिकल एजुकेशन, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटेलिटी, प्लम्बर और आईटी विधाओं से जुड़े हैं। इस शैक्षणिक सत्र में भी व्यावसायिक शिक्षा के और नये ट्रेड्स शुरू किये जाने पर स्कूल शिक्षा विभाग योजना तैयार कर रहा है।

### शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में होंगे सामूहिक योग कार्यक्रम

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को भोपाल जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें योगासन, प्राणायाम, मुद्रा, ध्यान की जागरूकता एवं अभ्यास करवाए जाएंगे। इस वर्ष यह दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ.मनीष शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा योग संगम पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित योग सत्रों में सहभागिता के लिए स्थानीय नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है।

### 5वीं और 8वीं पुनः परीक्षा के परिणाम 20 जून को होंगे घोषित, विद्यार्थी दोपहर 3 बजे से देख सकेंगे परिणाम

**भोपाल।** प्रदेश में राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न पुनः परीक्षा के परिणाम शुक्रवार 20 जून को दोपहर 3 बजे पोर्टल पर घोषित होंगे। विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र के वेबपोर्टल https://www.rskmp.in/result.asp& पर रोल नम्बर प्रविष्ट कर देख सकते हैं। इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षाओं का संचालन विगत 2 से 9 जून के मध्य किया गया था। इनमें प्रदेश की शासकीय, अशासकीय शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 86 हज़ार से अधिक तथा कक्षा 8वीं के एक लाख 24 हज़ार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे।

### नीमच-मंदसौर में भारी बारिश, भोपाल-इंदौर में भी गिरा पानी

# मानसून ने पूरे मध्य प्रदेश को किया कवर भोपाल सहित कई जिलों में बारिश का अलर्ट

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश में मानसून ने अब पूरा प्रदेश कवर कर लिया है। गुरुवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, राजगढ़ और हरदा समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। भोपाल में सुबह से बादल छाए है। रुक-रुककर बारिश हो रही है। इंदौर में दोपहर 1 बजे से पानी गिरने लगा। महू के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पातालपानी के सूखे झरने में भी पानी बहने लगा है।

मालवा क्षेत्र में भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर आ गए। नीमच में उफनती पुलिया पार करने के दौरान दो बाइक सवार बह गए। लोगों ने उन्हें बचा लिया। मंदसौर में सड़कों पर डेढ़ फीट तक पानी भर गया है। ग्वालियर में सड़क पर चलती कार पर एक पेड़ गिर पड़ा। इससे कार सवार घायल हो गया। हादसे के कारण जाम भी लग गया।



#### आज इन जिलों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार को नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, श्योपुर, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर में यलो अलर्ट (मध्यम बारिश) जारी किया है। वहीं, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, खरगोन, उज्जैन, शाजापुर, देवास, राजगढ़, सीहोर, भोपाल, आगर-मालवा विदिशा में हल्की बारिश हो सकती है। रायसेन, नर्मदापुरम, सागर, ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और सतना में भी बारिश का दौर जारी रहेगा।

#### तीन सिस्टम करा रहे बारिश

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, दो लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) और तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से अगले 4 दिन तक प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। कहीं अति भारी तो कहीं भारी बारिश हो सकती है। यानी, 24 घंटे के दौरान ढाई से 8 इंच तक पानी बरस सकता है।

#### मंदसौर में सड़क पर गड्ढे में फंसी बाइक

मंदसौर में भारी बारिश से सड़कों पर पानी भर गया है। जिसके चलते बीपीएल चौराहे पर एक बाइक गड्ढे में फंस गई। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

#### जबलपुर में भी झमाझम बारिश

जबलपुर में भी मानसून ने दस्तक दे दी है। गुरुवार दोपहर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

#### राजगढ़ के ब्यावरा में भारी बारिश

राजगढ़ जिले के ब्यावरा में दोपहर 1 बजे से एक घंटे से अधिक समय तक लगातार तेज बारिश हुई। जिले के सुठालिया, मलावर, करनवास सहित आसपास के गांवों में भी पानी गिरा। मौसम विभाग ने क्षेत्र में 18.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की।

*प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पातालपानी का झरना शुरू...* महू में गर्मी में सूखे पड़े झरनों में पानी आने से पर्यटक और ग्रामीणों में उत्साह नजर आ रहा है। गुरुवार को पातालपानी के झरने में पानी बहने लगा। दरअसल, पहाड़ी क्षेत्र में हुई बारिश के बाद चोर नदी के रास्ते पानी पातालपानी के झरने में आता है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और सैलानी यहां पहुंचे। झरना शुरू होने के बाद अब वीकेंड पर बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचेंगे। यहां दुकान लगाने वाले भी खुश हैं। उनका कहना है कि झरना देखने पर्यटक आएंगे तो क्षेत्र में रोजगार बढ़ेगा।

# अपने भीतर के पत्रकार को जगाए रखें: कुलगुरु तिवारी

- सरकार और समाज के बीच सेतु का कार्य करते हैं पीआरओः प्रवीण दुबे
- जनसंपर्क अधिकारियों का कार्य 24 घंटे काः गुरमीत सिंह वाधवा

**विजय मत, भोपाल**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के नवनियुक्त सहायक जनसंपर्क अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी एवं अपर संचालक गुरमीत सिंह वाधवा ने किया। इस अवसर पर कुलगुरु तिवारी ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों में जन शब्द लगा है इसीलिए उन्हें जन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पी आर ओ को लिखते समय अपने भीतर के पत्रकार को मरने नहीं देना चाहिए, उसे हमेशा जगाए रखना चाहिए। तिवारी ने कहा कि पीआरओ सीधे जनता से जुड़ेंगे तो जनता को अच्छा लगेगा। अच्छा लिखने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि अच्छा लिखने का सामर्थ अच्छा पढ़ने से आता है इसलिए आपको खूब पढ़ना चाहिए ताकि अच्छा लिख सको। तिवारी ने कहा कि अगले 25 साल अतिमहत्वपूर्ण हैं। 2047 में जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तो इसमें आपका भी योगदान और भूमिका बहुत बड़ी होगी। कुलगुरु ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों को अच्छी मंशा एवं नियत के साथ कार्य करना चाहिए। गांव में बहुत अच्छे अच्छे कार्य करने वाले, नवाचार करने वाले लोगों से, सरपंचों से मिलना चाहिए और उनकी कहानियों को लेखन के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि जनता से सीधे जुड़े विषय पर लेखन करने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि आप जिस भी जिले में जाएं उसके इतिहास, वहां की खूबियों के बारे में अवश्य जानकारी रखें।

जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक गुरमीत सिंह वाधवा ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों को रुटीन खबरों के अलावा यूनिक एवं हटके खबरें देने का प्रयास करना चाहिए। हमेशा सजग रहने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि पीआरओ को सफल होना है तो मीडिया के साथ समन्वय बहुत जरूरी है। उन्होंने समाचार लेखन में सुधार की चर्चा करते हुए कहा कि अखबारों की लीड और हेड लाइन को प्रतिदिन देखें और उनसे भी कुछ नया सीखे।

### भारिया जनजाति की बेटी शांति बनी प्रदेश का गौरव

# जिले में भारिया जनजाति की पहली छात्रा जिसने पाई नीट में सफलता

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के सुदूर जनजातीय अंचल से निकलकर जिले की एक बेटी ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रच दिया है। सीमित संसाधनों, कठिन परिस्थितियों और सामाजिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए कुमारी शांति पचलिया ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादा मजबूत हो, सपने सिर्फ देखे नहीं, पूरे भी किए जा सकते हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति भारिया से ताल्लुक रखने वाली छात्रा कु. शांति, छिंदवाड़ा जिले की पहली छात्रा बन गई हैं जिसने नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार, गाँव और समुदाय को गौरवान्वित किया है, बल्कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों को एक नई प्रेरणा भी दी है।

शांति का जन्म 23 अप्रैल 2007 को



विकासखण्ड हर्रई के ग्राम बालूसार में हुआ। उनके पिता लिट्टी पचलिया कृषक हैं और माता श्रीमती लता पचलिया गृहिणी हैं। शांति ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई शासकीय विद्यालयों से की और वर्तमान में आदिवासी उत्कृष्ट छात्रावास हर्रई में निवास करती हैं। पढ़ाई के लिए उन्होंने रोजाना 4 से 5 घंटे तक कड़ी मेहनत की और नीट 2025 परीक्षा में सफल हुईं। आर्थिक और सामाजिक रूप से सीमित संसाधनों के बावजूद शांति का सपना था डॉक्टर बनकर अपने गाँव की सेवा करना।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षण संस्थाओं में होगा सामूहिक योग

**भोपाल।** प्रदेश में ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून 2025 को प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन के लिये लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा निर्देश जारी किये है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य के लिये योग रखी गई है। दिये गये निर्देशों में कहा गया है कि शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक योग प्रदर्शन के लिये आयुष मंत्रालय के कॉमन योग प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के आयोजन से संबंधित अतिरिक्त जानकारी, जिसमें ब्रांडिंग किट, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से संबंधित आवश्यक सहायक सामग्री, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 10 प्रमुख कार्यक्रमों से संबंधित व्यापक पाठ्य सूचना और लिंक की जानकारी दिशा निर्देश के साथ भेजी गयी है। संपूर्ण प्रदेश में योग कार्यक्रम के लिये निर्धारित पल प्रतिपल समय सारणी के अनुसार आयोजित किया जायेगा।

# पीएम जनमन अभियानः छिंदवाड़ा में 1067 भारिया परिवारों को मिले पक्के आवास

**विजय मत, भोपाल**

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निवासरत 1067 भारिया जनजाति के परिवारों को पक्के आवास आवंटित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजाति संवर्ग के उत्थान के लिये प्रतिबद्ध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस योजना को मध्यप्रदेश में शत प्रतिशत मूर्तरूप दिया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा आवास आवंटन के साथ ही सामूहिक खरीदी के नवाचार से एक करोड़ रूपये की बचत भी संभव हुई है।

प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत छिन्दवाड़ा को कुल 5825 आवासों का लक्ष्य प्रदान किया गया था, जिसके अंतर्गत चौरई, हर्रई, तामिया, अमरवाड़ा, जुन्नारदेव एवं परासिया जनपद के दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत भारिया हितग्राहियों को योजना का लाभ देना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। ग्रामों की दूर-दराज़ स्थिति (जिला मुख्यालय से 100-125 कि.मी.) के कारण स्थानीय भवन सामग्री विक्रेताओं द्वारा महंगे दाम और कम गुणवत्ता वाली सामग्री हितग्राहियों को दिये जाने से भी आवास निर्माण में बाधा थी। इससे कई परिवारों ने आवास निर्माण में रुचि ही लेना बंद कर दिया था। इस स्थिति पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने अधिकारियों के साथ स्वयं मौका स्थल का भ्रमण कर हितग्राहियों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया। उन्होंने जनपद पंचायतों के अमले, सहायक यंत्री, और ग्राम पंचायतों के सरपंच आदि से सामूहिक चर्चा की जिसमें ग्रामवासियों और सामग्री विक्रेताओं के साथ संवाद स्थापित कर कम दर पर उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा जनपद स्तर पर थोक विक्रेताओं से संपर्क कर भवन निर्माण सामग्री की दरों को भी पूर्व निर्धारित किया गया। सीमेंट, ईंट, गिट्टी, सरिया, सेंटरिंग आदि निर्माण सामग्री स्थानीय दरों से 2 से 55 रूपये तक सस्ती दरों पर हितग्राहियों के ग्रामों में ही थोक में पहुँचाई गई। इस नवाचार से न केवल परिवहन लागत बची, बल्कि समय पर सामग्री मिलने से अधिकांश हितग्राहियों ने 2 माह से भी कम समय में अपने पक्के आवास तैयार कर लिए।

**खास-खबर** जल गंगा संवर्धन अभियान

# शासकीय-अशासकीय भवनों में जल संग्रहण के लिये वॉटर हार्वेस्टिंग को प्राथमिकता

**विजय मत, भोपाल**

प्रदेश मेंजल गंगा संवर्धन अभियान में 30 मार्च से शुरू किये गये कार्य लगभग पूरे किये जा चुके है। जिला प्रशासन द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा की जा रही है। प्रदेशव्यापी अभियान 30 जून को संपन्न हो जायेगा। जिलों में जल स्त्रोतों के आसपास व्यापक पौधरोपण योजना तैयार की जा रही है। जल संरक्षण के लिये शासकीय-अशासकीय भवनों में वॉटर हार्वेस्टिग को प्राथमिकता दी गई है।




अशोक नगर में जल गंगा संवर्धन अभियान में संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर में जल संरक्षण के लिये रैन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम का निर्माण किया गया है। यह कार्य जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल के मार्गदर्शन में किया गया। वर्षा काल के दौरान जल को संरक्षित करने के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया गया है। संविधान वाटिका एवं पिपलेश्वर महादेव मंदिर न्यायालय परिसर में सोखते गड्ढो का निर्माण किया गया है।

खंडवा जिले में गिरते भू-जल स्तर को रोकने और वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी शासकीय और निजी भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर स्थापित किए जा रहे हैं। इस पहल में जिला प्रशासन, नगरीय और ग्रामीण स्थानीय निकायों, उद्योगों, स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, गृहस्वामियों, पंचायतों और समुदाय आधारित संगठनों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। खंडवा में इस विषय को लेकर जल संवाद कार्यशाल हुई। कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों को पानी की बचत की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला को कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने संबोधित किया।

नरसिंहपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्रामीण अंचल में जल सहेजने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की विभिन्न समितियों द्वारा दीवार लेखन का कार्य किया जा रहा है। दीवार लेखन के माध्यम से विभिन्न प्रेरक स्लोग के जरिये लोगों को प्रेरित कर जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड चीचली के ग्राम रहमा-बेलखेड़ी में जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से दीवार लेखन का कार्य किया गया।

पांढुर्णा जिले में कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देश पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक और उनकी टीम ने अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने के लिये जल यात्रा निकाली। विकासखंड पांढुर्णा के ग्राम उमरीखुर्द में जल चौपाल लगाकर जनसमुदाय को जल की महत्ता बताई गई। ग्रामीणों को क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए भी प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई गई।


# जल-जंगल-जमीन से बेदखली का षड्यंत्र भाजपा राज में वन अधिकार अधिनियम ठप्प



**विजय मत, भोपाल**

भोपाल में आज आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य कमलेश्वर पटेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आदिवासियों के साथ अन्याय, जल-जंगल-जमीन से बेदखली और झूठे आरोपों के ज़रिए दमन करने के गंभीर आरोप लगाए। तीनों वरिष्ठ नेताओं ने सरकार की नीतियों को आदिवासी विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा विकास के मुद्दों से भटक चुकी है और अब वह केवल धर्म की राजनीति कर रही है। उमंग सिंघार ने सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि वह आदिवासियों को उनके पारंपरिक अधिकारों से वंचित कर रही है। हजारों आदिवासी परिवारों के पट्टे बिना किसी पूर्व सूचना के खारिज कर दिए गए हैं। सरकार की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि वह जल, जंगल और जमीन पर आदिवासियों का हक छीनना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश में अब तक केवल झबुआ जिले में पाँच पट्टे दिए गए हैं, जो दर्शाता है कि सरकार की मंशा आदिवासियों को उनका अधिकार देना नहीं, बल्कि उन्हें उनके ही घर-जंगल से बाहर करना है।

### सेवा और संवेदनशीलता के साथ मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन



भोपाल स्थित एम्स अस्पताल परिसर के बाहर आज नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस को सेवा एवं न्याय दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों को भोजन वितरण कर सेवा भाव से यह दिन समर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, वरिष्ठ नेता चंद्रकांत दुबे, प्रवीण सक्सेना, अनोखी पटेल, राहुल राठौड़, सीताशरण सूर्यवंशी, अभिनव बरोलिया, आशुतोष चौकसे, राहुल राज, नवीन चौबे, धर्मेंद्र राय, रवि परमार, श्याम राजोरिया राकेश यादव, विजय गुप्ता, वात्स्यायन जैन, रजनी दुबे, विवेक त्रिपाठी, प्रकाश चौकसे, नितेश नेमा, सुजीत शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध रेत उत्खनन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 87 वाहन जब्त किये

**विजय मत, जांजगीर-चांपा**



जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर जिला प्रशासन, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 घंटे के भीतर 87 वाहनों को जब्त किया है। इन वाहनों में 77 ट्रैक्टर, 9 हाईवा और 1 जेसीबी शामिल हैं। यह कार्रवाई जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए विशेष छापेमार अभियान के तहत की गई। कार्रवाई के दौरान थाना जांजगीर क्षेत्रांतर्गत ग्राम भादा में 4200 घन मीटर रेत का अवैध भंडारण भी पकड़ा गया, जिसके विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई है। 10 घंटे में 87 वाहन जब्त, प्रशासन सख्त यह छापेमारी जिला प्रशासन, पुलिस और खनिज विभाग के समन्वय से संचालित की गई, जिसमें कुल 09 टीमें गठित कर उन्हें जिले के विभिन्न इलाकों में तैनात किया गया था। सभी टीमों ने एक साथ ऑपरेशन शुरू करते हुए एक ही दिन में अवैध रेत परिवहन कर रहे वाहनों पर शिकंजा कस दिया। इस दौरान कई ट्रैक्टर और भारी वाहन बिना अनुमति के रेत परिवहन करते हुए पाए गए। सीमाओं पर नाकेबंदी, बार्डर क्षेत्रों पर पैनी नजर कार्रवाई को प्रभावी बनाने के लिए जांजगीर-चांपा जिले की सीमाओं, जैसे कोरबा, शक्ति, बलौदा बाजार और बिलासपुर बॉर्डर की ओर विशेष नाकेबंदी की गई थी। इन बार्डर क्षेत्रों पर भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ चौकसी बढ़ा दी गई थी, जिससे अवैध रेत परिवहन करने वाले वाहनों को जिले की सीमा से बाहर ले जाना संभव न हो सके। अधिकारियों की सक्रियता से मिली सफलता इस संयुक्त अभियान में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारियों और खनिज विभाग के अधिकारियों ने मिलकर प्रभावशाली कार्य किया। कार्यवाही का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप द्वारा किया गया। उनके निर्देशन में पूरे जिले में योजनाबद्ध तरीके से टीमें रवाना की गई और प्रभावी छापेमारी की गई। अधिकारियों की तत्परता और टीमवर्क से यह कार्रवाई अत्यंत सफल रही। कानूनी प्रावधानों के तहत की जा रही कार्रवाई अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण के मामलों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71(5) और खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21(5) के तहत कार्रवाई की जा रही है। जब्त किए गए सभी वाहनों को थानों में खड़ा कर कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। भविष्य में भी जारी रहेगी सख्ती जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और माफिया प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार की सघन कार्रवाई की जाती रहेगी। रेत जैसी प्राकृतिक संपदा का अवैध दोहन न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह सरकारी राजस्व की भी क्षति करता है। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि उन्हें किसी स्थान पर अवैध रेत उत्खनन या परिवहन की जानकारी मिलती है, तो वे प्रशासन या पुलिस को तुरंत सूचना दें।

बिलासपुर पुलिस की रेड

# लड़कों ने होटल में बुलाया था बंगाल की क्लब डांसरों को

**विजय मत, बिलासपुर**



बिलासपुर-रायपुर रोड स्थित होटल पेट्रेशियन होटल में बुधवार की रात पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान कोलकाता की दो लड़कियां मिलीं। वहीं, चार युवक शराब और हुक्का पीते पकड़े गए। हालांकि, पुलिस ने पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया है।

वहीं, होटल प्रबंधन पर कोटापा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया गया है। मामला सिरगिट्?टी थाना क्षेत्र का है। सीएसपी निमितेश सिंह ने बताया कि, पुलिस को जानकारी मिली कि होटल पेट्रेशियन में बाहरी और संदिग्ध युवकों के साथ युवतियां आई हैं।

जिस पर होटल में छापेमारी की गई। यहां होटल के मैनेजर से पूछताछ की गई, जिसके बाद रजिस्टर की जांच की। हालांकि, रजिस्टर में एंट्री विधिवत पाई गई। इस दौरान कमरों की भी जांच कर तलाशी ली गई। जांच के दौरान कमरा नंबर 2008 में संदेहास्पद स्थिति मिली।

यह कमरा तुषार अग्रवाल के नाम पर बुक था, जिसमें दीपेश हरिरमानी, नवीन पाल, रोहन हाजरा, अविनाश सिंह ठाकुर, अजय मौर्य मिले। युवक कमरे में शराब और हुक्का पीते मिले। जांच के दौरान कमरे में कोलकाता से आई दो युवतियां भी मिलीं। पूछताछ में पता चला कि दोनों युवतियां क्लब डांसर हैं, जिन्हें होटल प्रबंधन ने नहीं बुलाया था। लड़कियों को चारों लड़के अपने साथ लेकर आए थे। हालांकि, पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया है।

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार

# सब इंस्पेक्टर की नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से लाखों की ठगी

**विजय मत, राजनांदगांव**



सब इंस्पेक्टर (एसआई) पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 5,70,000 रुपये की ठगी करने वाले एक ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को बिलासपुर जिले से दबोचा औरन्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी विद्यया वर्मा निवासी ग्राम भरदालोधी, बेमेतरा ने कोतवाली थाना राजनांदगांव में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह एसआई भर्ती की तैयारी कर रही थी। इस दौरान आरोपी लक्ष्मी प्रसाद ध्रुव निवासी नगपुरा, पोस्ट सिरगिट्टी, जिला बिलासपुर ने 08 जनवरी 2021 से 12 मार्च 2025 के बीच एसआई की नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 5,70,000 रुपये की ठगी कर ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318(4), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। इस दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा एक टीम गठित की गई और आरोपी की तलाश के लिए बिलासपुर रवाना किया गया। जिसके बाद टीम आरोपी के निवास स्थान पर पहुंची और उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# खमतराई का युवक ब्लैकमेलिंग का शिकार, शातिर ने वसूला 91 हजार

**विजय मत, रायपुर**



एस्कॉर्ट सेवा के बहाने ठगी की वारदात हुई है। आरोपी ने लड़कियों के नाम से एक युवक को ब्लैकमेल किया। फिर उसे जबरन फंसाकर बदनाम करने का डर दिखाकर 11 ट्रांजैक्शन में 91 हजार रुपए वसूल कर लिए। इस मामले में युवक ने पुलिस में शिकायत दी है। यह पूरा मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है। खमतराई पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, अंकुश सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। इसमें बताया कि 11-12 जून की दरमियानी रात उनके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। जिसने खुद को एस्कॉर्ट सेवा का एजेंट बताया। कहा कि उसके नाम से बुकिंग हुई है, लेकिन अंकुश ने साफ मना कर दिया। कुछ देर बाद अंकुश के मोबाइल पर एक फर्जी मैसेज आया जिसमें 13 हजार रुपए उसके खाते में डिपॉजिट लिखा था। अंकुश को लगा कि उसके अकाउंट में पैसे आ गए हैं, तो उसने 13 हजार व्यक्ति को वापस भेज दिए। हालांकि बाद में वह फर्जी मैसेज भी डिलीट हो गया। इसके बाद व्यक्ति ने लड़कियों के नाम पर अंकुश को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उसने पैसों की मांग की, इसके बाद दबाव में आकर युवक ने 11 ट्रांजैक्शन में 91 हजार रुपए भेज दिए। जब आरोपी ने और पैसों की मांग की तो पुलिस में शिकायत की। इस साइबर ठगी के मामले में खमतराई पुलिस आगे की जांच पड़ताल कर रही हैं।

## घर से 100 मीटर दूर मिली महिला की लाश, इलाके में फैली सनसनी

**बिलासपुर**। घर से 100 मीटर दूर महिला का संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. यह घटना कोटा थाना क्षेत्र के खुरदूर गांव की है. पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है. जानकारी के मुताबिक, खुरदूर गांव के खार में लोगों ने खून से लथपथ कुंवरिया बाई की लाश देखी. कुल्हाड़ी से वार कर महिला की हत्या की गई है. घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच के लिए फोरेंसिक एक्सपर्ट के साथ ही सर्च डॉग की मदद भी ली. घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है. घरेलू विवाद में कुंवारिया बाई की हत्या की आशंका जताई जा रही है. वहीं पुलिस की टीम गांव में रहने वाली कुंवारिया बाई की बहन और उसके बेटों से पूछताछ कर घर से गायब सदस्यों की पतासाजी कर रही है. हालांकि अब तक न तो हत्यारों के बारे में कोई जानकारी मिली है न ही हत्या के कारणों का पता चल सका है।



## गायब तीन छात्र घर लौटे, पुलिस परिजन ने ली राहत की सांस

**दुर्ग**। सुपेला थाना क्षेत्र से लापता तीन छात्र सकुशल घर लौट आए हैं. तीनों घर में बताए बिना नागपुर चले गए थे. लगभग 72 घंटे से तीनों बच्चों की कोई जानकारी नहीं मिलने से परिजन परेशान थे. सुपेला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी. इसके बाद पुलिस खोजबीन में जुटी थी. सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि परिजनों से जानकारी लेने के बाद आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे थे. मोबाइल आदि न होने से बच्चों की तलाश में पुलिस टीम को कोई क्लू नहीं मिल पाया था, लेकिन अब बच्चे वापस लौट गए हैं. ये सभी घर में बताए बिना नागपुर चले गए थे. बता दें कि सुपेला थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर मिनीमाता चौक निवासी 16 वर्षीय कक्षा 9वीं का छात्र, 15 वर्षीय उसका पड़ोसी और कक्षा 7वीं का छात्र 16 जून की शाम करीब 4:30 बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए थे. परिजनों ने अपने सभी रिश्तेदारों के यहां पता किया पर बच्चों का कोई पता नहीं चला. आसपास तलाश करने के बाद परिजनों ने सुपेला थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी. इसके बाद पुलिस लापता बच्चों की तलाश में जुटी थी. अब बच्चे सशकुल घर आ गए है, इससे पुलिस और परिजनों ने राहत की सांस ली है।




# खुलेआम गांजा पीते देवार बस्ती का युवक गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह द्वारा लगातार नशे पर प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया जा रहा था, इसी कड़ी में पुलिस द्वारा सर्वप्रथम कुम्हारों / पान ठेला संचालकों की बैठक लेकर समझाइश दी गई । तथा सूचना मिलने पर समय पर समय पर चिलम नष्ट कराकर प्रतिबंधनात्मक कार्यवाही भी की गई। आज पेट्रोलिंग को सूचना और प्राप्त हुई की एक व्यक्ति रवाभाटा मैदान में कुछ लोगों के साथ अड्डे बाजी करते गांजा पी रहा है। तत्काल मौके पर रेड कार्रवाई की गई । जहां पर मन्नू सोनवानी पिता भोकलु सोनवानी उम्र 18 वर्ष पता बंजारी आरटीओ ऑफिस के पीछे देवर बस्ती गांजा पीते मिला, जिसके पास से एक नग कागज के पुडिया में गांजा 05 ग्राम कीमती 20 रुपये, एक नग मिट्टी का बना काले रंग का चिलम जिस पर एक मटमैला चिन्दी लगा है तथा एक नग माचिस का डिब्बा। मौके पर गवाहो के समक्ष पंचनामा तैयार किया गया तथा मौके पर एक नग पुडिया गांजा, एक नग चिलम चिन्दी लगा हुआ तथा एक माचिस आरोपी से गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का यह कृत्य धारा सदर 27 ल्लस्त्रि२ ू३ का अपराध घटित करना पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया। मामला ल्लस्त्रि२ एक्ट के तहत अजमानतीय होने से आरोपी के विरुद्ध मौके पर देहाती नालसी चाक किया गया। वापसी पश्चात नंबरी अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय रिमांड पर पेश किया गया ।

## फेसबुक पर फेक आईडी बनाकर नाबालिक को भेजा अश्लील मैसेज, गिरफ्तार

**जशपुर**। जशपुर जिले में फर्जी आईडी से अश्लील मैसेज भेजने का मामला सामने आया है। आरोपी रोहित मिंज (24) ने फेसबुक पर 'नैंसी प्रिया' नाम की फेसबुक आईडी बनाई थी जिससे लड़कियों को अश्लील संदेश और धमकियां भेजता था। मामला नारायणपुर थाना क्षेत्र का है। आरोपी ने 17 वर्षीय लड़की और उसकी बहन की फोटो भी फेक आईडी में अपलोड कर दी थी। पीड़िता ने 17 जून को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि वह अनजान नंबर से फोन कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग को परेशान करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में इठर, ढडउरड एक्ट और क्ळ एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया। साइबर सेल की जांच में पता चला कि फर्जी फेसबुक आईडी कांसाबेल निवासी रोहित मिंज (24) की थी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अपराधों में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



# 28 मवेशियों की तस्करी का भंडाफोड़, तस्कर पकड़ाया

**विजय मत, कोंडागांव**




कोंडागांव में पुलिस ने मवेशी तस्करी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कमलू राम नाग के रूप में हुई है। वह बस्तर जिले के धोटीडी थाना क्षेत्र के माहरा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 28 मवेशी बरामद किए हैं। इनमें एक काले रंग का, 10 सफेद रंग के और 17 लाल-सफेद मिश्रित रंग के मवेशी शामिल हैं। मवेशियों के साथ उनकी ढुलाई में इस्तेमाल किया जा रहा दो लाख रुपए का वाहन भी जब्त किया गया है। जांच में पता चला है कि ये मवेशी मेघराजपुर से खरीदे गए थे। आरोपी इन्हें अवैध रूप से दूसरे राज्य बुजुर्गखाना ले जा रहा था। माकड़ी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 18 जून को ग्राम बड़ेदोंगर के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया है। यह कार्रवाई थाना माकड़ी के निरीक्षक सुशील पटेल के नेतृत्व में की गई। टीम में सजग निरीक्षक कमलम, प्रधान आरक्षक सुनेरु मालतात, राकेश जुर्री, विमल नेताम, आरक्षक प्रकाश मंडावी और बेदेसीलाल खलखो शामिल थे।

# ब्राउन शुगर बेचते दो तस्कर गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

**विजय मत, मुंगेली**





भारत सरकार द्वारा संचालित ह्यनशा मुक्त भारत पखवाड़ा और छत्तीसगढ़ पुलिस के विशेष अभियान ऑपरेशन बाज के अंतर्गत मुंगेली पुलिस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुंगेली जिले में मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की अवैध बिक्री में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने नशे के जाल को तोड़ने की दिशा में अहम कदम उठाया है। इनसे कुल 30 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है, जिसकी बाजार कीमत लगभग ?1,50,000 आंकी गई है।

पुलिस को मिली गुप्त सूचना, तेजी से की कार्रवाई यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला (भा.पु.से.) के दिशानिर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मयंक तिवारी के पर्यवेक्षण में की गई। दिनांक 18 जून 2025 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना सिटी कोतवाली मुंगेली क्षेत्रांतर्गत पुलपारा, रामगोपाल तिवारी वार्ड स्थित सामुदायिक भवन के पास दो युवक सफेद पॉलीथिन में ब्राउन शुगर लेकर बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को धर दबोचा।

पकड़े गए आरोपी और जब्त सामग्री पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम– लक्की उर्फ अवि पाठक, पिता गोपी पाठक, उम्र 22 वर्ष दीपक विश्वकर्मा, पिता पुनाराम विश्वकर्मा, उम्र 20 वर्ष बताया। दोनों आरोपी पुलपारा रामगोपाल तिवारी वार्ड, मुंगेली निवासी हैं। इनकी तलाशी लेने परः आरोपी लक्की के पास से 20 ग्राम ब्राउन शुगर (कीमत ?1,00,000) आरोपी दीपक के पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर (कीमत ?50,000) इस प्रकार कुल 30 ग्राम ब्राउन शुगर, बाजार कीमत ?1.5 लाख, बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही गवाहों के समक्ष मादक पदार्थ जप्त कर लिया।

अपराध पंजीबद्ध, न्यायिक रिमांड पर भेजे गए आरोपी दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में अपराध क्रमांक 268/2025, धारा 21 ठउ्रढर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। लक्की उर्फ अवि पाठक आदतन अपराधी गिरफ्तार आरोपी लक्की उर्फ अवि पाठक का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। वह पूर्व में भी हत्या के प्रयास, मारपीट, अवैध शराब व गांजा बिक्री जैसे गंभीर अपराधों में शामिल रह चुका है। उसके विरुद्ध सिटी कोतवाली मुंगेली में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक की नागरिकों से अपील मुंगेली के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी नशे के कारोबार या तस्करी की जानकारी हो, तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस टीम की भूमिका इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गिरीजा शंकर यादव, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक सुशील कुमार बंछोर, एवं टीम के सदस्य ईश्वर सिंह राजपूत, लोकेश राजपूत, नोखेलाल कुर्रे, मनोज ठाकुर, नरेश यादव, यशवंत डाहिरे, रवि जांगड़े, रवि मिंज, भेषज पाण्डेकर, राकेश बंजारा, हेमसिंह ठाकुर, परमेश्वर जांगड़े, विकास ठाकुर, मनोज टंडन की अहम भूमिका रही।

## कल्याणी इस्पात कंपनी में मजदूर की हत्या, आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**राजनांदगांव**। राजनांदगांव जिले में एक मजदूर की हत्या का मामला सामने आया है। कल्याणी इस्पात कंपनी लिमिटेड कोपेडीह में पश्चिम बंगाल के रहने वाले भीष्मदेव सिंघा और चंदन कुमार कंपनी में लोहा सरिया सेंट्रिंग का काम करते थे। 15 जून को भीष्मदेब गलत तरीके से सेंट्रिंग तार बांध रहा था। चंदन ने उसे सही तरीके से काम करने को कहा। इस बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। शाम को दोनों ने अलग-अलग अंजोरा शराब भट्ठी में शराब पी। रात करीब 8:30 बजे चंदन अपने क्वार्टर जा रहा था। भीष्मदेब ने उसे देखा और दोपहर के विवाद से नाराज होकर लकड़ी के बत्ते से उस पर हमला कर दिया। मामला सोमनी थाना क्षेत्र का है। भीष्मदेब ने चंदन के सिर, हाथ और पसली पर वार किए। गंभीर रूप से घायल चंदन को जिला अस्पताल दुर्ग ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। अरढ राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सोमनी उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। भीष्मदेब पश्चिम बंगाल भागने की फिराक में था। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



# विराट कोहली और रोहित के बिना भी भारतीय टीम में काफी गहरायी: कार्स

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना भी भारतीय टीम काफी अच्छी है और उसे कमजोर समझने की भूल नहीं की जा सकती है। कार्स के अनुसार भारतीय टीम को विराट और रोहित जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की कमी से झटका जरुर लगा है पर इसके बाद भी उसकी बल्लेबाजी में काफी गहरायी है। इसलिए इन दोनो के नहीं होने के बाद भी पांच मैच की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी कोहली और रोहित ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिय था जिसके बाद युवा शुभमन गिल को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया था।

कार्स ने कहा, '' ये सही है कि



कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वे एक दशक से अधिक समय से बल्लेबाजी संभालते रहे हैं और बेहद अनुभवी विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं।'' उन्होंने कहा, '' पर इसके बाद भी भारतीय क्रिकेट में जो गहराई है और जिस तरह के खिलाड़ी आ रहे हैं, उससे उनकी टीम काफी अच्छे अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों के साथ उतरेगी और वे हमें कड़ी चुनौती देंगे।'' ये सीरीज लीड्स टेस्ट के साथ शुक्रवार से शुरू होगी। तेज गेंदबाज कार्स ने कहा कि उनका गेंदबाजी आक्रमण पिचों की के अनुनसार युवा भारतीय बल्लेबाजी क्रम के कम अनुभवों का लाभ उठाने का प्रयास करेगा।

कार्स ने कहा, ''उनके पास स्तरीय खिलाड़ी हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि पिच कैसी रहती है। मुझे लगता है कि कोई भी बल्लेबाज जिसे आप गेंदबाजी कर रहे हैं, आप जानते हैं कि नई गेंद से या शुरुआती 20 गेंद पर आउट होने की संभावना अधिक है।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए जब भी हमें उनके शीर्ष क्रम के किसी भी बल्लेबाज को आउट करने का अवसर मिलेगा तो हम उनके खिलाफ जल्द से जल्द रणनीति और प्रक्रिया अपनाएंगे।'' कार्स इस साल की शुरुआत में पैर की अंगुली की चोट के कारण बाहर होने के बाद वह चैंपियंस ट्रॉफी से रहे गए थे लेकिन अब चोट से उबर चुके हैं।

# श्रेयस होते तो भारतीय टीम के लिए बदलाव का सामना करना आसान होता: नाइट

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की सराहना करते हुए कहा है कि उन्हें टीम में रखा जाना चाहिये था। नाइट के अनुसार रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के नहीं होने से बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम को श्रेयस के रहने से लाभ होता। नाइट के अनुसार श्रेयस एक अच्छे बल्लेबाज जो जो मध्यक्रम को संभाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरे में भारतीय टीम ने चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को शामिल कर टीम किया है। वह टीम के लिए एक्स फैक्टर साबित होंगे। अय्यर के टीम का हिस्सा नहीं होने के कारण नाइट को कुलदीप और युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन से



अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। सुदर्शन के लीड्स में पहले टेस्ट में डेब्यू करने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल को इस दौरे में अहम जिम्मेदारी संभानली होगी। उनके ऊपर एक प्रकार से बल्लेबाजी टिकी होगी। उनके अलावा एक दो खिलाड़ियों को छोड़ दें तो अन्य सभी बल्लेबाज नये हैं और उनके पास अनुभव नहीं है। ऐसे में शीर्ष क्रम को बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी जिससे कि मध्यक्रम पर दबाव न आये। साथ ही कहा कि अगर भारतीय टीम को ये सीरीज जीतनी है तो उसके गेंदबाजों को 20 विकेट लेने होंगे। भारतीय टीम साल 2007 के बाद यहां एक भी सीरीज नहीं जीती है। ऐसे में उसके लिए ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है

नाइट ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर भारत को 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने है तो 20 विकेट लेना अहम होगा। इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट और 100 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 55 साल के नाइट नहीं चाहते कि भारत अपनी बल्लेबाजी को मजबूत के लिए गेदंबाजी से समझौता करे।

# वैभव के बल्लेबाजी कौशल को देखकर हैरान हैं बटलर

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने 14 साल के उभरे हुए भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। बटलर ने कहा कि इतनी कम उम्र में वैभव जिस प्रकार से बल्लेबाजी करते हैं उसे देखकर मुझे हैरानी होती है। बटलर ने कहा कि जिस प्रकार वैभव ने आईपीएल में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 206 के स्ट्राइक रेट से केवल सात पारियों में 252 रन बनाए वह आसान काम नहीं है। इस दौरान इस बल्लेबाज ने 35 गेंदों पर ही शतक लगा दिया था। वैभव आईपीएल में जहां राजस्थान रॉयल्स से खेल रहे थे। वहीं बटलर गुजरात टाइटंस टम में शामिल थे। बटलर ने स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ बातचीत के दौरान कहा, हमारे खिलाफ 35 गेंदों में शतक वाली वैभव की पारी बहुत ही शानदार थी जबकि हमारी यहां मोहम्मद सिराज, , प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा राशिद खान जैसा स्पिनर था पर



इसके बाद भी वैभव ने लंबे छक्के लगाए। उन्होंने इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ भी एक आक्रामक जबकि सीएसके में आर अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे अनुभवी स्पिनर हैं। वैभव की बल्लेबाजी का सबसे सकारात्मक पक्ष ये है कि वह निडर होकर खेलता है और ये नहीं देखता कि कौन सा गेंदबाज सामने है। बटलर ने कहा, वास्तव में जब उसने आईपीएल में अपनी पहली गेंद पर छक्का मारा। तो उसने थोड़ी जगह बनायी और गेंद को लॉन्ग ऑफ के ऊपर से मार दिया। उसके खेल में निडरता थी जो काफी कम खिलाड़यों में दिखती है।

# शुभमन की कप्तानी में बेहतर शुरुआत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**लीड्स, एजेंसी**

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम शुक्रवार से यहां मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में उतरेगी। इस मुकाबले से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीस) 2025-27 के चक्र की भी शुरुआत होगी। ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य इसमें बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा। इस सीरीज में भारतीय टीम विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना उतरेगी ऐसे में टीम में शामिल युवाओं के पास अपने को साबित करने का अच्छा अवसर रहेगा। ऐसे में ये सीरीज भारतीय क्रिकेट के लिए भी एक नए युग की तरह होगी। इस मैच में शुभमन के अलावा शस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी।




सात साल बाद वापसी कर रहे करुण नायर के अभ्यास सत्र में चोटिल होने से भी टीम को झटका लगा है। गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के बास रहेगी। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाज उनका साथ देंगे। स्पिन की कमान कुलदीप यादव के पास रहेगी। वहीं पिच की बात करें तो हेडिंग्ले की पिच अपने उछाल और तेजी के लिए जानी जाती है। वहीं पिच क्यूरेटर रॉबिन्सन का कहना है कि वह चाहते हैं मैच पूरे पांच दिन तक चले। उनका उद्देश्य यह है कि पिछली बार की तरह तीन दिन में खेल खत्म न हो इसलिए ऐसे पिच बनायी गयी है जिसपर शॉट खेले जा सकें। उन्होंने उम्मीद जताई है कि जो भी टीम पहले बल्लेबाजी करेगी वह करीब 300 रन बना सकेगी। मौसम विभाग ने भी गर्मी की संभावना जताई है, जिससे बल्लेबाजों को सहायता मिल सकती है।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैं**

**इंग्लैंड की एकादश**-जैक क्रॉउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारतीय**-शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

# शुभमन की टीम प्रतिभाशाली, विशेष सफलता हासिल करेगी: कपिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि शुभनन गिल के नेतृत्व में इंग्लैंड गयी टीम को अुनभवहीन कहना गलत है। कपिल ने कहा कि शुभमन और उनकी टीम काफी प्रतिभाशाली है और वे इस दौरे में कुछ विशेष जरुर करेंगे। कपिल ने शुभमन को कप्तान बनाये जाने के फैसले को सही बताया है। उन्होंने माना कि शुभमन ने इससे पहले इंग्लैंड में केवल 3 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और उन्होंन 14.66 की औसत से केवल 88 रन बनाए हैं।

कपिल ने शुभमन को अच्छा और प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया और कहा कि अब वह भारतीय टीम का कप्तान है। साथ ही भरोसा जताया है कि वह ट्रॉफी लेकर लौटेगा। उन्होंने कहा कि सभी को शुभकामनाएं। मुझे उम्मीद है कि वे विजेता बनकर घर लौटेंगे और अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलेंगे।'

1983 की विश्व कप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव मौजूदा भारतीय टीम को अनुभवहीन कहे जाने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, आज वे हो सकता है कि अनुभवहीन हों, लेकिन कल वे अनुभवी हो जाएंगे हमें अपनी टीम पर गर्व होना चाहिये। मुझे इन खिलाड़ियों में भरोसा है कि वे कुछ विशेष करेंगे। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि जाओ और खेलो। केवल इतनी बात है। आनंद उठाओ, मैं भारतीय टीम से सिर्फ इतना कहना चाहता हूं। कपिल ने टीम के तेज जसप्रीत बुमराह की भी प्रशंस करते हुए उन्हें विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक करार दिया।

## बिजनेस

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

घरेलू बाजार में गुरुवार को सुबह सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। इन दोनो के वायदा भाव आज नीचे आये हैं। युबह घरेलू बाजार में सोने की कीमत 99,300 रुपये, जबकि चांदी 1,08,400 रुपये थी। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में कमी आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध 335 रुपये टूटकर 99,202 रुपये के भाव पर खुला। इसका पिछ्ला बंद भाव 99,537 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 247 रुपये नीचे आकर 99,290 रुपये के भाव पर था। ये 99,304 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 99,152 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस साल 1,01078 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे थे। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध 405 रुपये नीचे आकर 1,08,161 रुपये पर खुला। वहीं इसका पिछ्ला



बंद भाव 1,08,566 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 179 रुपये टूटकर 1,08,387 रुपये के भाव पर कामकाज कर रहा था। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव में कमी आई है। कामेक्स पर सोना 3,387.10 डॉलर प्रति औंस पर खुला। इसका पिछ्ला बंद भाव 3,408.10 डॉलर प्रति औंस था। वहीं एक समय यह 15.50 डॉलर की कमी के साथ ही 3,392.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कामकाज कर रहा था। सोने के वायदा भाव इस साल 3,509.90 डॉलर के शीर्ष स्तर पर पहुंचे हैं जबकि कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.75 डॉलर के भाव पर खुले।

# अब देश में सभी मोबाइल नंबरों के लिए केवॉयसी अनिवार्य, सरकार ने लिया फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मोबाइल सेवाओं में पारदर्शिता और सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला किया है। अब देश में सभी मोबाइल नंबरों के लिए केवॉयसी यानी नो योर कस्टमर प्रक्रिया को पूरी तरह अनिवार्य कर दिया है। सरकार के इस फैसला विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं पर असर पड़ेगा जो अब तक बिना पूरी पहचान के प्रीपेड सिम कार्ड ले लेते थे। पहले तक प्रीपेड ग्राहकों को कुछ हद तक केवॉयसी में छूट दी गई थी, लेकिन अब यह छूट पूरी तरह से समाप्त कर दी गई है।

अब चाहे मोबाइल नंबर प्रीपेड हो या पोस्टपेड, ग्राहक को पहचान और पते का प्रमाण भी देना ही




होगा। यह प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से जैसे टेलीकॉम कंपनियों की वेबसाइट या ऐप के जरिए या फिर ऑफलाइन टेलीकॉम स्टोर्स पर जाकर पूरी की जा सकती है। सरकार का कहना है कि यह कदम देश में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए उठाना जरुरी था। मोबाइल नंबरों का दुरुपयोग टेरर फंडिंग, मनी लॉन्ड्रिंग और साइबर फ्रॉड जैसी गतिविधियों में किया जाता है।

बिना केवॉयसी वाले नंबर इन अपराधों में सहायक हो सकते हैं, इसलिए इस फैसले से इन पर काफी हद तक नियंत्रण लगेगा। इसके अलावा हर मोबाइल नंबर एक वैध और प्रमाणित व्यक्ति से जुड़ा होगा, जिससे सरकार को आपातकालीन सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं की डिलीवरी में भी मदद मिलेगी। इस नए नियम का असर प्रीपेड मोबाइल यूजर्स पर पड़ेगा। उन्हें अब सिम खरीदते समय पूरी केवॉयसी प्रक्रिया से गुजरना होगा। यह प्रक्रिया थोड़ी समय लेने वाली और असुविधाजनक लग सकती है, लेकिन सरकार का मानना है कि इससे लंबे समय में आम नागरिकों को ही फायदा होगा।

वहीं पोस्टपेड यूजर्स पर इसका प्रभाव सीमित रहेगा क्योंकि वे पहले से ही केवॉयसी प्रक्रिया से गुजर होंगे। हालांकि उन्हें भी समय-समय पर अपनी जानकारी अपडेट करनी होगी। कुल मिलाकर सरकार का यह कदम मोबाइल यूजर्स की सुरक्षा बढ़ाने, डिजिटल ट्रैकिंग को मजबूत करने और अवैध कार्यों को रोकने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

# चेतक स्कूटर नए इलेक्ट्रिक स्कूटर के रूप में होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** स्वदेशी ऑटोमोबाइल कंपनी बजाज ऑटो जल्द ही अपने मशहूर चेतक स्कूटर को नए इलेक्ट्रिक रूप में लॉन्च करेगी। यह स्कूटर चेतक 3001 नाम से लांच होने वाला है। यह स्कूटर क्लासिक डिजाइन के साथ स्मार्ट फीचर्स से लैस होगा। कंपनी इसे शहरी उपभोक्ताओं के लिए एक किफायती, भरोसेमंद और पर्यावरण अनुकूल विकल्प के तौर पर पेश करेगी। बजाज चेतक 3001 में 3.1 किलोवॉट की इलेक्ट्रिक मोटर दी गई है, जो अधिकतम 62 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार दे सकती है। इसमें लगभग 3 किलोवॉट-घंटा क्षमता वाली बैटरी दी जाएगी, जो रोजमर्रा की जरूरतों जैसे ऑफिस जाना, बाजार के काम आदि के लिए काफी होगी। चेतक 3001 का लुक पुराने चेतक मॉडल की ही तरह क्लासिक और मेटल बॉडी वाला होगा, जिससे इसका आकर्षण बढ़ेगा। इसकी लंबाई 1914 मिमी, चौड़ाई 725 मिमी और ऊंचाई 1143 मिमी होगी। ग्राउंड क्लीयरेंस 168 मिमी और व्हीलबेस 1355 मिमी रहेगा, जिससे यह स्कूटर शहर की सड़कों पर संतुलन और आरामदायक सवारी देगा। इसका वजन 123 किलोग्राम होगा और इसमें दोनों पहियों में 90/90-12 साइज के टायर दिए जाएंगे। फिलहाल कंपनी ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह स्कूटर चेतक 2901 को रिप्लेस करेगा या नहीं, लेकिन माना जा रहा है कि यह मॉडल अधिक पावर और बेहतर फीचर्स के साथ पेश किया जाएगा।

# सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 81,362 पर बंद, निफ्टी भी 19 अंक फिसला

**मुंबई, एजेंसी**

## सरकारी बैंकिंग, रियल्टी और मेटल शेयर्स 2% गिरे

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार, 19 मई को सेंसेक्स 83 अंक गिरकर 81,362 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 19 अंक की गिरावट रही, ये 24,793 के स्तर पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में तेजी रही। अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस और टेक महिंद्रा सहित कुल 10 के शेयर्स 2.50 प्रतिशत तक गिरे। M&M, टाइटन और मारुति के शेयरों में 1.6 प्रतिशत तक की तेजी रही। निफ्टी के 50 में से 33 शेयरों में गिरावट और 17 में तेजी रही। NSE का PSU बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.04 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा, मीडिया में 1.91 प्रतिशत, रियल्टी में 1.60 प्रतिशत, मेटल में 1.29 प्रतिशत और IT में 0.94 प्रतिशत की गिरावट रही। अकेले ऑटो सेक्टर 0.52 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में



जापान का निक्केई 397 अंक (1.02 प्रतिशत) नीचे 38,488 पर बंद हुआ। कोरिया के कोस्पी में 6 अंक की तेजी रही, ये 2,978 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 473 अंक (1.99 प्रतिशत) गिरकर 23,238 के स्तर पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 27 अंक (0.79 प्रतिशत) नीचे 3,362 पर बंद हुआ।

18 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.10 प्रतिशत गिरकर 42,172 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.13 प्रतिशत ऊपर 19,546 पर और S&P 500 मामूली गिरावट के साथ 5,981 पर बंद हुआ। 18 जून को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 890.93 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों ने 1,091.34 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की। जून महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 4,978.11 करोड़ की बिकवाली की है। जबकि घरेलू निवेशकों ने 59,230.21 करोड़ की नेट खरीदारी है। मई महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 11,773.25 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 67,642.34 करोड़ की नेट खरीदारी की थी।

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार, 18 जून को सेंसेक्स 139 अंक गिरकर 81,445 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 41 अंक की गिरावट रही, ये 24,812 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 10 में तेजी जबकि 20 में गिरावट रही। TCS, अडाणी पोर्ट्स और ॥रु के शेयर 2 प्रतिशत तक नीचे आ गए। जबकि, इंडसइंड बैंक का शेयर 4.44 प्रतिशत चढ़ा। टाइटन, रू रूऔर मारुति के शेयरों 2 प्रतिशत तक की तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 14 में तेजी, जबकि 36 में गिरावट रही। NSE के ऑटो, प्राइवेट बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में 0.8 प्रतिशत तक की तेजी रही। वहीं, फार्मा, IT, मेटल और मीडिया शेयर्स 1.3 प्रतिशत तक गिरे।

**ओपनएआई के सीईओ का बड़ा बयान**

# एआई अभी एक इंटर्न, जल्द ही सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन जाएगा

**मुंबई, एजेंसी**

इन दिनों कई बड़ी टेक दिग्गज कंपनियां एआई को और ज्यादा एडवांस बनाने में लगी हैं। इसी बीच ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की मौजूदा क्षमता को लेकर बड़ा बयान दिया है। दरअसल उनका कहना है कि एआई अभी एक इंटर्न है, लेकिन बहुत तेजी से यह टेक्नोलॉजी अनुभवी सॉफ्टवेयर इंजीनियर जैसी योग्यता हासिल कर लेगा। यानी आने वाले दिनों में एआई नेक्स्ट लेवल पर पहुंच सकता है।




ऑल्टमैन ने बताया कि आज एआई ऐसा इंटर्न है जो कुछ घंटों तक काम कर सकता है, लेकिन जल्द ही यह ऐसा अनुभवी इंजीनियर बन जाएगा जो कई दिनों तक लगातार मुश्किल काम भी आसानी से कर लेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगले साल तक हमें इसतरह के एआई एजेंट भी देखने को मिल जाएंगे जो मुश्किल काम आसानी से कर दें और नए ज्ञान की खोज तक कर सकते हैं। ऑल्टमैन का कहना है कि फ्यूचर में एआई मुश्किल कोडिंग को आसानी से हल करने, सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर डिजाइन करने और स्ट्रेटेजिक डेवलपमेंट के फैसलों में अहम भूमिका निभा सकता है।

इतना ही नहीं ऑल्टमैन ने यहां तक कह दिया है कि आने वाले वक्त में सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को रेगुलर कोडिंग से आगे बढ़कर अपने आप को और बेहतर करना होगा। सीईओ ने यह बात तब कही है जब एआई की वजह से लोगों की नौकरियां जा रही हैं और हर तरफ इस पर बहस छिड़ गई है।

# महालक्ष्मी मार्केट पंडरी में सड़क किनारे अवैध पार्किंग समाप्त होगी

## शीघ्र यातायात सुगम और होगा सुव्यवस्थित

**विजय मत, रायपुर**

महालक्ष्मी मार्केट पंडरी में रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने मैकेनाइज्ड पार्किंग और नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट परियोजना का भूमिपूजन श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर किया। महालक्ष्मी कपडा मार्र्केट पंडरी में 24 कारो की पार्किंग हेतु संरचना का स्थापना कार्य 70 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से किया जायेगा। वहीं नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट एनएनटी परियोजना के अंतर्गत महालक्ष्मी मार्केट पंडरी में 61 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से ऑफ



स्ट्रीट पार्किंग, एनएमटी हेतु पक्के क्षेत्र का निर्माण रोक मार्किंग व ट्रैफिक साइनेज का कार्य किया जायेगा।

महालक्ष्मी कपडा मार्केट पंडरी में मैकेनाइज्ड पार्किंग और नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट परियोजना के क्रियान्वयन से जहां भीड़ भाड़ में कमी आयेगी वहीं सड़क किनारे अवैध पार्किंग समाप्त होगी और यातायात सुगम और व्यवस्थित होगा इससे सायकल और पैदल चलने वालो को प्रोत्साहन मिलेगा। बाजार क्षेत्र की कार्यक्षमता में वृद्धि हो सकेगी और नागरिको की दुकानो तक बेहत्तर पहुंच हो सकेगी। सुरक्षा व्यवस्था सुधरेगी पैदल यात्रियो विशेषकर वरिष्ठ नागरिको, महिलाओं, बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। संगठित संरचनाएं और सौंदर्ययुक्त विकास की दिशा में परियोजनाओ का क्रियान्वयन सार्थक पहल सिद्ध हो सकेगा। उक्त परियोजनाएं ना सिर्फ एक बाजार के क्षेत्र की भौतिक समस्याओ का समाधान करेंगी बल्कि राजधानी शहर रायपुर को स्मार्ट सुरक्षित शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में अपना योगदान दे सकेंगी।

## पंचकूला में अभा महापौर परिषद के सम्मेलन में शामिल हुई मीनल



राजधानी शहर की प्रथम नागरिक महापौर मीनल चौबे ने हरियाणा राज्य के पंचकूला में अखिल भारतीय महापौर परिषद के सम्मेलन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राजधानी रायपुर शहर को प्रतिनिधित्व दिया। इस दौरान उन्होंने रायपुर शहर को स्वच्छ, सुन्दर, विकसित राजधानी स्मार्ट सिटी बनाने के कार्यों पर चर्चा करते हुए गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी राष्ट्रीय सम्मेलन में महापौरों और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को दी। महापौर मीनल चौबे ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सौजन्य भेट की।

## दावडा कालोनी में 2 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर निगम ने लगाया रोक

**विजय मत, रायपुर**

दावडा कालोनी में लगभग 2 एकड निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम की टीम ने पहुंचकर निर्मित अवैध सीसी रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर एवं आवागमन अवरूद्ध करते हुए तत्काल कारगर रोक स्थल पर लगायी गयी।

नगर निगम जोन 10 नगर निवेष विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जोन 10 के वार्ड 55 की दावडा कालोनी क्षेत्र में लगभग 2 एकड से अधिक निजी भूमि स्वामी श्री चिनमय दावड़ा द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर तत्काल जानकारी मिलते ही स्थल पर रोक लगायी गयी है। दावडा कालोनी में 2 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर



निगम ने लगाया रोकप्रकरण में नियमानुसार प्रक्रिया के तहत अवैध प्लाटिंग करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि प्राय- बिल्डर और कालोनाईजर भूमियों का विक्रय कर निकल लेते है एवं असुविधाएं ऐसे क्षेत्रो को घेरे रखती है। ऐसे में वहां के रहवासी इस हेतु बिल्डर को नही आम तौर पर नगर निगम को ही दोष देते है। अवैध प्लाटिंग संबंधी कार्यो की अवैधानिक गतिविधियों पर नियमानुकुल कडाई से नगर निगम क्षेत्र में कारगर अंकुश लगाने अभियान चलाया जा रहा है।

## न्यूज विंडो

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 16 जून 2025 से 25 जून 2025 रात 11.59 बजे तक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णत: ऑनलाईन होगी तथा आवेदन के पूर्व अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें ताकि आवेदन में कोई त्रुटि न हो।

इस क्षेत्र से जुड़कर सफल स्वरोजगार कर रहे हैं, और यह आयोजन उनके लिए नई तकनीकी दिशाओं के द्वार खोलने वाला सिद्ध होगा।

### उद्योग मंत्री देवांगन कोरबा के योग कार्यक्रम में होंगे शामिल



**रायपुर।** राज्य के सभी जिलों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग कार्यक्रम के लिए राज्य शासन द्वारा मंत्रिमंडल, सांसदों और विधायकों को नामांकित किया गया है। इसी तारतम्य में वाणिज्य उद्योग तथा श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन शनिवार 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय कोरबा में आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### छग में कोरोना के मामलों में फिर इजाफा, मिले 11 नए मरीज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रोजाना कोरोना संक्रमण के मामलों में इजाफा देखा गया है। प्रदेश में आज 11 नए कोरोना पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें से 10 मरीज रायपुर जिले से हैं जबकि 1 मामला बिलासपुर से सामने आया है। यह जानकारी कोरोना कंट्रोल एवं डिमांड सेंटर से प्राप्त हुई है।

# तिल्दा को मिली 36 करोड़ रुपये की नई सड़कों की सौगात, सालों पुरानी मांग हुई पूरी

**विजय मत, रायपुर**

औद्योगिक क्षेत्र तिल्दा नेवरा में सड़कों की जर्जर स्थिति को देखते हुए, क्षेत्रवासियों की सालों से लंबित मांग आखिरकार पूरी हो गई है। आज उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और मंत्री टंक राम वर्मा की उपस्थिति में बीएनबी प्रांगण में लगभग 36 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली नई सड़कों का भूमिपूजन किया गया। इन नई सड़कों से क्षेत्र में विकास और व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

कार्यक्रम का आयोजन तिल्दा लोक निर्माण विभाग, जिला रायपुर द्वारा किया गया था। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि क्षेत्रीय विधायक और मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल और धरसीवां विधायक अनुज शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

### तेज़ गति से विकास कार्य- उपमुख्यमंत्री अरुण साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस अवसर पर कहा कि



**मुख्य परियोजनाएँ-**

- सरोरा मार्ग और सरोरा से बिनायका मार्ग:- पुल-पुलिया सहित लगभग 1032.78 लाख रुपये की लागत से इन मार्गों का निर्माण किया जाएगा।
- एनएच मार्ग सांकरा से तिल्दा सासाहोली मार्ग- लगभग 11 किलोमीटर लंबाई के इस मार्ग का जीर्णोद्धार और चौड़ीकरण 2663.28 लाख रुपये की लागत से होगा।

बलौदाबाजार विधानसभा के तिल्दा क्षेत्र के लोग सालों से अच्छी सड़कों की मांग कर रहे थे, जिसे मात्र 18 महीनों में पूरा करते हुए आज इन सड़कों का भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि ये सड़कें बहुप्रतीक्षित थीं और इनके निर्माण से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

साव ने यह भी कहा कि स्थानीय लोगों और विधायक टंकराम वर्मा की मांग पर इन सड़कों को स्वीकृति मिली है और इनका निर्माण शीघ्र ही शुरू होगा।

### तिल्दा मेरी धड़कन है- मंत्री टंकराम वर्मा

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि जब से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में सरकार बनी है, तब से गांव और शहरों का योजनाबद्ध तरीके से विकास हो रहा है और मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तिल्दा के लोगों को हमेशा लगता था कि तिल्दा पर ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन तिल्दा मेरी धड़कन है और आज क्षेत्रवासियों को करोड़ों की सौगात मिली है।

### व्यापार और उद्योग को मिलेगा बढ़ावा- सांसद बृजमोहन अग्रवाल

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से लोगों को न केवल आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि उद्योग और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने ज़ोर दिया कि ये चारों सड़कें क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। अग्रवाल ने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया और विष्णु देव साय की सरकार इसे विकसित रूप में गढ़ने का काम कर रही है।

# संभागायुक्त महादेव कावरे ने रायपुर जिला कार्यालयों का किया निरीक्षण

**कैशबुक में गड़बड़ी पर जताई नाराज़गी, लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ नोटिस जारी करने दिए निर्देश**

**विजय मत, रायपुर**



संभागायुक्त महादेव कावरे ने रायपुर जिला कार्यालयों का किया निरीक्षण- रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने गुरुवार को रायपुर जिले के प्रमुख शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत और तहसील कार्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कई अहम निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट की नाज़रात शाखा में दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि का अंतर कैशबुक में पाया गया। इस पर गंभीर नाराज़गी जताते हुए संभागायुक्त ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर पूरा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा में पाया कि कई प्रकरण दो वर्ष से अधिक समय से लंबित हैं। इस पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए और निराकरण की गति तेज की जाए। रिकॉर्ड रूम में जमा नहीं किए गए 1000 से अधिक प्रकरणों को लेकर भी सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने संबंधित तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और वाचकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि जिला पंचायत, आबकारी, खनिज और आदिवासी विकास विभागों में कैशबुक समय पर अपडेट नहीं होने पर संभागायुक्त कावरे ने नाराज़गी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## संकरी में शासन के सहयोग से अवैध कब्जा हटाओ मुहिम शुरू



विधानसभा आरंग व तहसील मंदिर हसौद के अधीन आने वाले ग्राम संकरी (जावा) में बुधवार से पंचायत ने शासन के सहयोग से एक बार फिर अवैध कब्जा हटाओ अभियान शुरू कर दिया है। बीते दिनों पंचायत ने ग्रामीणों की सहमति से अवैध कब्जा हटवाने का प्रस्ताव पारित कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद पहुंचे राजस्व अमला द्वारा नाप-जोख कर अवैध कब्जों को चिन्हांकित करने के बाद पंचायत ने अवैध कब्जा हटवाना शुरू कर दिया है।

# ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में 21 जून को ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में राजस्व मंत्री होंगे शामिल

**विजय मत, रायपुर**

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में पुरातत्व एवं ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में शामिल होंगे। यह आयोजन 21 जून को सुबह 5:30 बजे से प्रारंभ होगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम ''योग संगम'' एवं ''हरित योग'' तय की गई है। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, कलेक्टर, सहित जनप्रतिनिधि,



अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन व दिव्यांगजन एवं आमजन बड़ी संख्या में सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लेंगे।

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर सिरपुर में योग दिवस का आयोजन जिले में स्वास्थ्य, एकता और जागरूकता का संदेश देगा।

इस आयोजन के माध्यम से योग को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे निरोग और स्वस्थ समाज का निर्माण सुनिश्चित हो सके। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में मुख्य समारोह लक्ष्मण मंदिर सिरपुर में प्रात: 05.30 बजे से आयोजित होगा।

## जिला पंचायत रायपुर की नई पहल -

# एमकेएसपी योजना के तहत 20 गाँवो को मिलेगा लाभ

**विजय मत, रायपुर**

जिला पंचायत रायपुर के मार्गदर्शन में महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के तहत आरंग विकासखंड के 20 गांवो में एकीकृत विकास की अभिनव पहल की गयी है। इस योजना के तहत 4 क्लस्टरों में 250-300 परिवारों को दो या अधिक आजीविका गतिविधियों से जोड़कर लखपति दीदी बनाया जाएगा । अभी तक विकासखण्ड मे 1400 हितग्राहियों का चयन,



ग्राम मे कार्यरत कैडर सीआरपी द्वारा किया जा चुका है। कृषि संबद्ध सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन प्रत्येक क्लस्टरों मे स्थापित आजीविका सेवा केन्द्र के द्वारा किया जायेगा जिसका संचालन एक सफल उद्यमी दीदी करेगी। चयनित उद्यमी को परियोजना से ब्याज रहित ऋण की पात्रता है।

क्लस्टर में स्थापित आजीविका सेवा केन्द्र से हितग्राहियों को निम्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है- पोल्ट्री, पशुपालन, किचन गार्डन, मछली पालन, नर्सरी, बायो रिसोर्स सेंटर, पशु स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि इनपुट सहयोग एवं FPC के माध्यम से बाज़ार उपलब्धता शामिल है।

**खास-खबर** — कई कारोबारी घोटाले से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए

# सुमित फैसिलिटीज मैनपावर सप्लाई कंपनी के मालिक सिद्धार्थ सिंघानिया गिरफ्तार

**विजय मत, रायपुर**

झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी की टीम ने छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार किया है। सिद्धार्थ सिंघानिया सुमित फैसिलिटीज मैनपावर सप्लाई कंपनी के मालिक हैं। इससे पहले झारखंड एसीबी ने सिंघानिया को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था। एसीबी की टीम उसे गुरुवार को रायपुर कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर रांची लेकर जाएगी जहां उससे शराब घोटाले के संबध में पूछताछ की जाएगी।







झारखंड एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) द्वारा की जा रही जांच में अब तक यह सामने आया है कि इस घोटाले से राज्य को 38 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। छत्तीसगढ़ के कई कारोबारी इस घोटाले से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं जिनमें रायपुर के रहने वाले सरोज लोहिया, बच्चा लोहिया और अतीमा खन्ना, भोपाल के मनीष जैन और राजीव द्विवेदी, पुणे के अजीत जयसिंह राव, अमित प्रभाकर सोलंकी और सुनील कुंभकर को भी पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है लेकिन अब तक इनमें से कोई भी जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ है। जरूरत पड़ने पर इन सभी के विरुद्ध भी गिरफ्तारी वारंट जारी की जा सकती है।

झारखंड में हुए करोड़ों के शराब घोटाला मामले में आरोपी सिद्धार्थ सिंघानिया के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था क्योंकि सिद्धार्थ सिंघानिया छत्तीसगढ़ और झारखंड में मैनपावर कंपनी सप्लाई समेत सिंडिकेट का अहम हिस्सा था। इस मामले में छत्तीसगढ़ में 7 सितंबर 2024 को एसीबी ने एफआईआर दर्ज की थी. इसमें तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे, संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, वरिष्ठ आईएएस अनिल टुटेजा सहित कई अफसरों और कारोबारियों को आरोपी बनाया गया है. वहीं झारखंड में भी कई सप्लायर और कंपनियों पर गाज गिरी है।

# दो दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग इंडस्ट्री सम्मेलन 21 से

**विजय मत, रायपुर**

मोबाइल रिपेयरिंग इंडस्ट्री को समर्पित दो दिवसीय सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन 21 एवं 22 जून को बेबीलोन कैपिटल में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दूसरे दिन 22 जून को विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। मोबियालाइव द्वारा रवि भवन व्यापारी संघ के विशेष सहयोग से आयोजित यह सम्मेलन पूर्व में दिल्ली, हैदराबाद एवं कोच्चि जैसे महानगरों में सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है, और अब पहली बार मध्य भारत के सबसे प्रगतिशील राज्य छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित हो रहा है।

22 जून को आयोजित विशेष सत्र में मोबाइल रिपेयरिंग क्षेत्र के व्यवसायियों एवं तकनीकी दक्षता रखने वाले विशेषज्ञों के बीच लाइव रिपेयरिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें वैश्विक ब्रांड्स के नवीनतम मॉडल्स पर IC, CP प्रोसेसर बदलने एवं मरम्मत करने जैसी बारीक तकनीकों का प्रदर्शन होगा। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, आंध्रप्रदेश सहित अन्य राज्यों से 4,000 से 6,000 तकनीकी युवाओं की भागीदारी संभावित है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वावरा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक सीता शुक्ला। प्रधान संपादक विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997